वर्ष-14 - अंक 144
पृष्ट-08 मूल्य : 02 रुपया

सीतापुर
गुरुवार ,03 सितम्बर 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.......
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कोटेदारों ने योगी आदित्यनाथ और मंत्री मनोज ......... 3
एससीओ के मंच से चीन और पाकिस्तान को एक साथ धोकर ...... 4
खन्ना में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, केमिस्ट गिरफ्तार......................... 08

# सुप्रीम कोर्ट में शिंदे गुट ने उद्धव ठाकरे की पार्टी के दावों को बताया गलत

## 15 सितंबर को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** महाराष्ट्र की सियासत के सबसे बड़े मामलों में से एक, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच शिवसेना पार्टी के नाम और चुनाव निशान पर अधिकार को लेकर दायर याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सुनवाई की। इस दौरान शिंदे गुट ने उद्धव ठाकरे की पार्टी के दावों को गलत बताया और अपनी दलील रखने के लिए कम से कम चार घंटे का समय मांगा। इस मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। इस मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच कर रही है। चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी थी और तीर-कमान का निशान भी दिया था। इसी फैसले को उद्धव ठाकरे ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट में एकनाथ शिंदे गुट की ओर से वरिष्ठ वकील नीरज किशन कौल ने दलीलें रखीं। उन्होंने कई अहम तर्क दिए। पहला तर्क उन्होंने आंतरिक लोकतंत्र को लेकर दिया। उन्होंने कहा, 'क्या एक जिम्मेदार राजनीतिक दल को केवल इसलिए आंतरिक चुनावों से बचना चाहिए क्योंकि इसमें धन का लेन-देन हो सकता है?



**इस मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच कर रही है। चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी थी और तीर-कमान का निशान भी दिया था। इसी फैसले को उद्धव ठाकरे ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट में एकनाथ शिंदे गुट की ओर से वरिष्ठ वकील नीरज किशन कौल ने दलीलें रखीं।**

धांधली या गड़बड़ी का समाधान उसे सुधारना चाहिए, न कि चुनावों को खत्म करना। इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि जो व्यक्ति चुनाव जीतने के लिए पैसे देने को तैयार है, वह पद पाने के लिए पैसे नहीं देगा।' दूसरा तर्क यह था कि सभी वरिष्ठ पदों के लिए चुनाव होते हैं। निचले स्तर के पदों पर मौजूद लोग केवल ऊपर से आए फैसले और नीतियां लागू करते हैं, इसलिए उन्हें चुने जाने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन, अगर चुनाव किसी के लिए भी आवश्यक हैं, तो वे उन लोगों के लिए हैं जो जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के सीधे संपर्क में रहते हैं। वे जनता की नब्ज समझते हैं, मतदाताओं से सीधी बातचीत करते हैं और पार्टी को फीडबैक देते हैं जो पार्टी की नीतियों और घोषणापत्र को आकार देता है। उन्हें केवल 'फैसले लागू करने वाले' कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, जिन्हें चुनावी जनादेश की आवश्यकता नहीं है। वकील नीरज कौल ने कहा कि निर्वाचन आयोग हर समय हर पार्टी के रोजमर्रा के क्रियाकलापों पर नजर नहीं रख सकता। और जब देख ले तो चुप भी नहीं रह सकता। अधिकतर मान्यता प्राप्त दल अपने संविधान के मुताबिक आंतरिक लोकतंत्र बनाए रखते हैं, इसका ब्योरा जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 39 में दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को अपने संविधान रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया था। इसके बाद शिवसेना का संविधान 1999 में आयोग को दिया गया था। बालासाहेब ठाकरे के 2012 में निधन के बाद पार्टी ने संवैधानिक ढांचा मौलिक रूप से बदल दिया। शिंदे गुट ने कहा कि ठाकरे गुट की ओर से यह भ्रामक तर्क दिया गया है कि 'पक्ष प्रमुख' का पद केवल 2018 के संविधान के तहत अस्तित्व में आया था। हर कोई उस पद से जुड़ी शक्तियों से अवगत था। यह तथ्यात्मक रूप से गलत है। शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए 2013 में 'शिवसेना प्रमुख' का पद फ्रीज कर दिया गया था, इसके बाद 'पक्ष प्रमुख' का पद बनाया गया था।

# राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा

**अयोध्या(एजेंसी)।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्रशासनिक और संचालन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बड़ा निर्णय लिया है। ट्रस्ट ने भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को मंदिर का पहला मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह मंदिर की दैनिक प्रशासनिक व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे। सीईओ के चयन के लिए गठित समिति ने ट्रस्ट को तीन नामों का पैनल सौंपा था। इसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व आईपीएस अधिकारी राजेश पांडेय, बिहार के पूर्व डीजीपी डॉ. परेश सक्सेना और पूर्व आईएएस अधिकारी दिनेश चंद्र के नाम शामिल थे। विचार-विमर्श के बाद ट्रस्ट ने जितेंद्र मिश्रा के नाम पर मुहर लगाई। जितेंद्र मिश्रा भारतीय वायुसेना में करीब चार दशक तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उन्होंने छह दिसंबर 1986 को लड़ाकू विमान के पायलट के रूप में वायुसेना में कमीशन प्राप्त किया था। अपने सैन्य करियर में उन्होंने 18 से अधिक प्रकार के विमानों पर उड़ान भरी और तीन हजार घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव हासिल किया। वह भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ भी रह चुके हैं। इसके अलावा एकीकृत रक्षा स्टाफ में उप प्रमुख समेत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। उन्हें संचालन, रणनीतिक योजना, नेतृत्व और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का व्यापक अनुभव है। उनका सैन्य करियर कई संवेदनशील और रणनीतिक जिम्मेदारियों से जुड़ा रहा है। पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व करने के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली थी। ऐसे में अयोध्या में मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था, सुरक्षा और विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वय में उनके अनुभव को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**इसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व आईपीएस अधिकारी राजेश पांडेय, बिहार के पूर्व डीजीपी डॉ. परेश सक्सेना और पूर्व आईएएस अधिकारी दिनेश चंद्र के नाम शामिल थे। विचार-विमर्श के बाद ट्रस्ट ने जितेंद्र मिश्रा के नाम पर मुहर लगाई। जितेंद्र मिश्रा भारतीय वायुसेना में करीब चार दशक तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उन्होंने छह दिसंबर 1986 को लड़ाकू विमान के पायलट के रूप में वायुसेना में कमीशन प्राप्त किया था।**

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी कॉल सेंटर से अमेरिकी नागरिकों से करोड़ों की साइबर ठगी, 11 गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए फर्जी कॉल सेंटर चलाने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एप्पल कस्टमर सर्विस के नाम पर अमेरिका (यूएसए) के नागरिकों को झांसा देकर उनसे लाखों डॉलर की ठगी कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9 लैपटॉप, 20 मोबाइल फोन, 2 हेडफोन-माइक, 2 कार, 1 बाइक और 1 स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, साइबर अपराध पश्चिम थाना की टीम को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम के पालम विहार स्थित एक मकान में बिना अनुमति फर्जी कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर 1 सितंबर को पुलिस ने प्लॉट नंबर 1208, जे-ब्लॉक, पालम विहार में छापेमारी की। मौके पर आरोपी लैपटॉप, मोबाइल फोन और हेडसेट की मदद से कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए विदेशी नागरिकों से अंग्रेजी में बातचीत करते मिले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रितपाल सिंह, मोहम्मद रिजान अंसारी, चैतन्य गोयल, मनीष, शाहरुख अंसारी, संजीव पांडे, शिवम, आदित्य, दीपक त्रिवेदी, वरुण गौतम और नीरज के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ साइबर अपराध पश्चिम थाना में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बेटियों की शिक्षा को मजबूत आधार दे रही योगी सरकार

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बेटियों की शिक्षा को मजबूत आधार देने की दिशा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को नई ताकत देने का बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 101.49 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर इन विद्यालयों में आवासीय क्षमता, स्वच्छता और सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं के विस्तार का रास्ता साफ किया गया है। अतिरिक्त डॉरमेट्री से लेकर जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण, टॉयलेट ब्लॉक, गार्ड रूम, सेप्टिक टैंक और बाउंड्री वॉल तक के छह प्रमुख निर्माण कार्यों के जरिए इन विद्यालयों को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त आवासीय शिक्षा केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी के निर्देशों के क्रम में आगे बढ़ाई गई प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था बनाया गया। स्वीकृत लागत के सापेक्ष निर्धारित धनराशि अवमुक्त कर निर्माण कार्यों को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# बावल-बहरोड़ आरआरटीएस परियोजना की पूरक डीपीआर की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## राज्य की सैद्धांतिक स्वीकृति जल्द भेजने के निर्देश, 7,747 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनेगा खंड

**जयपुर(एजेंसी)।** नमो भारत रेल कॉरिडोर के तहत दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी-अलवर क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के बावल-बहरोड़ खंड को लेकर बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त पूरक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर चर्चा की गई। साथ ही परियोजना के लिए राज्य सरकार की सैद्धांतिक स्वीकृति से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर पूरक डीपीआर को शीघ्र अनुमोदन के लिए भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सक्षम स्तर से मंजूरी मिलने के बाद राज्य सरकार की सैद्धांतिक स्वीकृति का प्रस्ताव जल्द आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि आरआरटीएस परियोजना से क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा और औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। बैठक में बताया गया कि सराय काले खां से बहरोड़ तक प्रस्तावित रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 129.05 किलोमीटर है। इसमें राजस्थान का हिस्सा 25.16 किलोमीटर होगा। राजस्थान क्षेत्र में शाहजहांपुर-नीमराणा-बहरोड़, शाहजहांपुर, नीमराणा और बहरोड़ सहित चार एलिवेटेड स्टेशन प्रस्तावित हैं। बावल-बहरोड़ खंड की अनुमानित लागत 7,747 करोड़ रुपये है। इसमें 5,167.28 करोड़ रुपये मूल परियोजना लागत, करीब 640 करोड़ रुपये भूमि लागत और 1,861 करोड़ रुपये उद्यम निधि के रूप में शामिल हैं। बैठक में परियोजना की वित्तीय व्यवस्था, चरणबद्ध व्यय और राज्य सरकार के वित्तीय दायित्वों पर भी चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने परियोजना के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने के संबंध में जिला कलक्टर, कोटपूतली-बहरोड़ और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में राजस्थान-हरियाणा सीमा तक की लागत दोनों राज्यों द्वारा वहन किए जाने तथा हरियाणा सरकार से प्राप्त समझौता ज्ञापन के निष्पादन पर भी चर्चा हुई। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त, वित्त (राजस्व) विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# गुजरात में साइबर ठगी गिरोह को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गांधीनगर(एजेंसी)।** गुजरात पुलिस के साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने मेहसाणा जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि वे साइबर ठगी करने वाले गिरोह को बल्क मोड सुविधा वाले कॉर्पोरेट बैंक खाते उपलब्ध करा रहे थे। जांच में पता चला है कि इन खातों का इस्तेमाल कई राज्यों में हुई साइबर ठगी के मामलों में किया गया, जिनमें करीब 1.5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई है। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन म्यूल हंट 2.0' के तहत की गई। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पार्थ बारोट और रमेश कुमार लवाणा के रूप में हुई है। दोनों मेहसाणा जिले के विसनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों को विसनगर से पकड़ा और कानूनी प्रक्रिया के बाद औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अनुसार, इस मामले में अब तक छह अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, गिरोह से जुड़े बाकी लोगों की तलाश जारी है। जांच एजेंसियों का कहना है कि बारोट और लवाणा लोगों से बैंक खाते हासिल करके साइबर ठगी गिरोह तक पहुंचाते थे। गिरोह खासतौर पर उन खातों की मांग करता था, जिनमें बल्क मोड सुविधा होती है। इस सुविधा के जरिए एक साथ कई लेनदेन या भुगतान किए जा सकते हैं। यह आमतौर पर व्यावसायिक, कॉर्पोरेट, सरकारी या संस्थागत खातों में उपलब्ध होती है, न कि सामान्य बचत खातों में। पुलिस के मुताबिक आरोपी ऐसे खाताधारकों को कमीशन का लालच देते थे। इसके बदले वे उनसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, चेकबुक की तस्वीरें, एटीएम कार्ड के आगे और पीछे की फोटो, इंटरनेट बैंकिंग आईडी और पासवर्ड जैसी जानकारियां हासिल कर

# जर्जर स्कूल की मरम्मत शुरू, सीजेपी ने बताया छात्रों की जीत

**जयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान सरकार ने प्रदेशभर के जर्जर और क्षतिग्रस्त सरकारी स्कूलों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का अभियान शुरू किया है। जयपुर के बगरू क्षेत्र स्थित एक सरकारी स्कूल में मरम्मत कार्य शुरू होने पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक आशुतोष रांका ने इसे छात्रों की जीत बताया। रांका ने कहा कि इस स्कूल में दो साल से अधिक समय से छात्र भैंसों के बाड़े में पढ़ने को मजबूर थे। 21 अगस्त को स्कूल का निरीक्षण करने पहुंची सीजेपी की टीम पर कथित हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विरोध और हमले के बावजूद स्कूल में मरम्मत कार्य शुरू होना राहत की बात है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और सीजेपी छात्रों के हितों के लिए आवाज उठाती रहेगी। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों के कायाकल्प के लिए अभियान शुरू किया है। जर्जर और असुरक्षित भवनों की पहचान कर उनके सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत की गई है। जरूरत वाले स्कूलों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। बैरवा ने कहा कि कई स्कूलों की इमारतें काफी पुरानी हैं और वर्षों पहले बनाई गई थीं। इसलिए यह कहना उचित नहीं होगा कि स्कूलों की जर्जर स्थिति केवल भाजपा सरकार के कार्यकाल में पैदा हुई है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिका का सुरक्षा अलर्ट

**रियाद(एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान पर हमले के बाद संभावित जवाबी कार्रवाई के बीच अमेरिका ने सऊदी अरब में अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। सऊदी अरब स्थित अमेरिकी मिशन ने क्षेत्र की जटिल सुरक्षा स्थिति को देखते हुए नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। मिशन ने कहा कि क्षेत्र में अचानक तनाव बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अमेरिकी मिशन ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अलर्ट में कहा कि मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी नागरिक संभावित उड़ान रद्द होने, हवाई क्षेत्र बंद होने और यात्रा में व्यवधान के लिए तैयार रहें। नागरिकों को अपनी उड़ानों की स्थिति संबंधित एयरलाइन से सीधे जांचने और हवाईअड्डों तथा विमानन सेवाओं से जुड़ी ताजा सूचनाओं पर नजर रखने की सलाह दी गई है। सुरक्षा अलर्ट में कहा गया है कि मध्य पूर्व के बाहर स्थित अमेरिकी राजनयिक प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया गया है। अमेरिकी मिशन के अनुसार, ईरान और उसके समर्थक समूह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अमेरिकी हितों को निशाना बना सकते हैं। इनमें अमेरिकी नागरिकों, अमेरिका से जुड़े स्थानों, कंपनियों और अन्य संस्थानों को भी खतरा हो सकता है। अमेरिकी मिशन ने बताया कि सऊदी अरब में अमेरिकी नागरिकों के लिए नियमित और आपातकालीन वाणिज्य दूतावास सेवाएं उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ने पर नागरिकों को निकटतम अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करने को कहा गया है।

# हिमालयी जलवायु संकट पर नेपाल के पीएम शाह ने दुनिया से मांगा ठोस जवाब

**काठमांडू ।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन से बढ़ते खतरों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि नेपाल को जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आ रही आपदाओं की गंभीरता को दुनिया के सामने और मजबूती से रखना होगा। फ्लैश फ्लड को आठ दिन बीत चुके हैं और विनाशकारी बाढ़ के बाद मृतकों की संख्या 1,100 के पार पहुंच गई है। प्रतिनिधि सभा (नेपाली संसद का निचला सदन) को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव अब केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं रह गए हैं, बल्कि वे मानव जीवन, बुनियादी ढांचे और भविष्य की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के अनुसार, बुधवार सुबह 9 बजे तक पिछले सप्ताह आई बाढ़ में बह गए 1,114 शव बरामद किए जा चुके थे, जबकि करीब 3,916 लोग अब भी लापता हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, नेपाल-चीन सीमा के पास भोटेकोशी नदी की सहायक नदी लेंगडे खोला में हिमस्खलन के कारण पानी का प्राकृतिक अवरोध बन गया था। बाद में पानी के भारी दबाव से यह प्राकृतिक बांध टूट गया और अचानक आई बाढ़ ने भारी मात्रा में पानी, कीचड़ और मलबे के साथ नीचे की ओर तबाही मचा दी। बाढ़ आगे त्रिशूली नदी की ओर बढ़ी और रास्ते में बस्तियों तथा महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। प्रधानमंत्री शाह ने कहा कि इस आपदा ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यह घटना इतनी भयावह कैसे हुई और भविष्य में नेपाल को ऐसी आपदाओं के लिए किस तरह तैयार होना होगा? उन्होंने कहा, 'जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से अचानक सामने आई इस बड़ी आपदा ने हमें चौबीसों घंटे नुकसान को नियंत्रित करने में जुटे रहने को मजबूर कर दिया है। साथ ही हमारे मन में एक गहरा सवाल भी उठा है कि आखिर यह आपदा हमारे सामने कैसे आई?' शाह ने विशेषज्ञों के आकलन का हवाला देते हुए कहा कि यह घटना हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन से बढ़ते जोखिमों की गंभीर चेतावनी है। उन्होंने कहा, 'हमें जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप सामने आ रही आपदाओं के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को जागरूक करना होगा। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। इसके प्रभावों से निपटना और उन्हें कम करने के प्रयास पूरी वैश्विक समुदाय की साझा जिम्मेदारी है।'

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते चेतावनी पहुंचाने में सरकार की भूमिका पर उठे सवालों का भी शाह ने जवाब दिया। शाह ने कहा, 'जैसे ही हमें जानकारी मिली कि बाढ़ आ रही है, हमारे सुरक्षा कर्मियों को लोगों को सतर्क करने के लिए तैनात किया गया। हालांकि, वे खुद इस अभियान के दौरान लापता हो गए।'

# बच्चों के अपहरण पर सख्त कानून की मांग, सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश में बच्चों के बढ़ते अपहरण और मानव तस्करी के मामलों को लेकर कानून सख्त करने की मांग वाली जनहित याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में बच्चों की तस्करी, अवैध गोद लेने और शोषण के लिए चल रहे कथित संगठित गिरोहों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि लापता और अपहृत बच्चों के मामलों में पुलिस तत्काल प्राथमिकी दर्ज करे और जांच में तेजी लाई जाए। बच्चों के अपहरण से जुड़े मामलों की जांच एसीपी या थाना प्रभारी स्तर के अधिकारी से कराने तथा एक वर्ष के भीतर मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अदालतों के गठन की मांग भी की गई है। याचिका में बिहार समेत कई राज्यों में बच्चों के लापता होने और मानव तस्करी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि नाबालिगों को बाल मजदूरी, भीख मांगने, यौन शोषण और अन्य अवैध गतिविधियों में धकेला जाता है। याचिका में दिल्ली पुलिस की ओर से जून 2026 में पकड़े गए कथित बाल तस्करी गिरोह का भी उल्लेख किया गया है। दावा है कि गिरोह पांच राज्यों में सक्रिय था और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के नवजात बच्चों को कथित तौर पर लाखों रुपये में बेचता था। याचिका में ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए सख्त कानून और त्वरित न्याय व्यवस्था की आवश्यकता बताई गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## फसलों के बीजों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू, 30 सितंबर तक किसान करा सकेंगे आवेदन

**उन्नाव।** रबी सीजन की तैयारियों के बीच कृषि विभाग ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिले में तोरिया, सरसों, अलसी, चना, मटर, मसूर और गेहूं समेत प्रमुख रबी फसलों के बीजों का लक्ष्य प्राप्त हो चुका है। किसानों की सुविधा के लिए बीजों की ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था शुरू की गई है। जिला कृषि अधिकारी शशांक ने बताया कि इच्छुक किसान कृषि विभाग के पोर्टल222.agriculture.up.gov.in ?? पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण एवं बीज की बुकिंग करा सकते हैं। बुकिंग की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपनी जरूरत के अनुसार बीज की बुकिंग करा लें। ऑनलाइन व्यवस्था के जरिए किसान घर बैठे बीज बुक कर सकेंगे। साथ ही सरकारी व्यवस्था के तहत उपलब्ध बीज अनुदान का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। विभाग का उद्देश्य रबी फसलों की बुवाई से पहले किसानों को समय से गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाना है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि ऑनलाइन बुकिंग के दौरान सभी आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक दर्ज करें तथा बुकिंग पूरी होने के बाद संबंधित विवरण सुरक्षित रखें, ताकि बीज प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## सशक्त बूथ से भाजपा होगी मजबूतः पवन

**देवरिया।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के बरियारपुर मंडल के महुआपाटन स्थित खाकी बाबा मंदिर परिसर में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें मंडल कार्यसमिति और बूथ कार्यसमिति सत्यापन अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से हुई। मुख्य अतिथि मंडल प्रवासी एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि चुनाव जीतने का रास्ता बूथ से होकर जाता है। इसलिए बूथ स्तर के संगठन को मजबूत करना सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मंडल और बूथ कार्यसमितियों को सशक्त बनाने के लिए सत्यापन अभियान शुरू किया है। कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से अभियान को पूरा करें। केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व

# स्लॉटर हाउसों ने उन्नाव की आबो-हवा में घोला 'जहर', जिम्मेदार बेखबर

## अपशिष्ट निस्तारण से लेकर प्रदूषण नियंत्रण तककठघरे में व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** दही औद्योगिक क्षेत्र में संचालित स्लॉटर हाउसों से निकलने वाले अपशिष्ट और दुर्गंध को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। रुस्तम स्लॉटर हाउस को लेकर स्थानीय स्तर पर खुले में पशु अपशिष्ट, गंदे पानी के निस्तारण और तेज दुर्गंध फैलने के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन मौजूदा आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन पुराने रिकॉर्ड में इसी औद्योगिक क्षेत्र के स्लॉटर हाउसों से जुड़े प्रदूषण और अपशिष्ट निस्तारण को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं। **२०२५ में सामने आई थी खुले अपशिष्ट की समस्या** अगस्त 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दही औद्योगिक क्षेत्र में संचालित सात स्लॉटर हाउसों पर पशु अपशिष्टों को खुले वाहनों से बाहर ले जाने और खुले में फेंके जाने के आरोप सामने आए थे। रिपोर्ट में बताया गया था कि पशु अवशेषों के उचित निस्तारण और परिवहन के नियमों की अनदेखी से दुर्गंध तथा संक्रमण का खतरा पैदा हो रहा है। आसपास के गांवों की करीब 1.50 लाख आबादी पर इसका असर पड़ने की आशंका भी जताई गई थी। **२०२२ में छह स्लॉटर हाउसों को नोटिस** इससे पहले मार्च 2022 में यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने औद्योगिक क्षेत्र की लोनी और सिटी ड्रेन में टैंकरों के जरिए अपशिष्ट गिराए जाने की शिकायतों के बाद छह स्लॉटर हाउस और 54 टेनरियों को नोटिस जारी किया था। प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार ड्रेन के पानी के नमूनों की जांच में क्ह्ष्ठ और ष्ह्ष्ठ की मात्रा कई गुना अधिक पाई गई थी तथा अन्य हानिकारक रसायनों की मौजूदगी की भी बात सामने आई थी। **ईटीपी और दुर्गंध नियंत्रण पर भी उठ चुके हैं सवाल** दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र के एक स्लॉटर हाउस की पूर्व जांच में ईटीपी की पाइपलाइन में रिसाव, दुर्गंध रोकने वाला बायोफिल्टर खराब मिलने और मांस के टुकड़े व अपशिष्ट खुले स्थान पर पड़े मिलने की रिपोर्ट भी प्रकाशित हुई थी। अधिकारियों ने ईटीपी दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई थी।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 से कारीगरों को मिलेगा सहारा, 10 लाख तक बिना गारंटी व ब्याज मुक्त ऋण

**उन्नाव।** पारंपरिक एवं आधुनिक ट्रेड से जुड़े कारीगरों की आजीविका को मजबूत करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 लागू की गई है। योजना के तहत पात्र कारीगरों को अपना कारोबार शुरू करने अथवा उसे विस्तार देने के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण, 15 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी के साथ बिना गारंटी और बिना ब्याज उपलब्ध कराया जाएगा। उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद ने बताया कि योजना के तहत जनपद में पारंपरिक और आधुनिक ट्रेड से जुड़े कुल 14 प्रकार के कारीगरों को लाभ मिलेगा। इनमें मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूजा, मछुआरा, मोबाइल मरम्मत, ऑटोमोबाइल मरम्मत, इलेक्ट्रॉनिक एवं विद्युत सामान की मरम्मत, प्लम्बर, कंप्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टालेशन, डिजिटल फोटोग्राफी तथा सौंदर्य एवं वेलनेस जैसे कार्य शामिल हैं। योजना में कारीगरों को उनके उद्यम से संबंधित 10 दिवसीय कौशल वृद्धि प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सफल प्रशिक्षार्थियों को सेवा अथवा व्यवसाय के संचालन के लिए आधुनिक तकनीक पर आधारित उन्नत टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा कारीगरों को परियोजना लागत के अनुसार 10 लाख रुपये

## शक्तिनगर पुलिस की बड़ी सफलता, 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शक्तिनगर / सोनभद्र** - पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में चोरी की घटना का सफल अनावरण करने व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान तथा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सत्येंद्र राय के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा बोलेरो वाहन चोरी की घटना का 36 घंटे के अंदर सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे एवं निशानदेही से चोरी की बोलेरो गाड़ी, एक अन्य चोरी की मोटरसाइकिल तथा बोलेरो वाहन की नंबर प्लेट बरामद की गई। दिनांक 31.08.2026 को वादी विकास पाण्डेय पुत्र राम निवाज पाण्डेय, हाल पता- बारब्रिक प्रोजेक्ट लिमिटेड, एनटीपीसी शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना शक्तिनगर पर लिखित तहरीर दी गई कि कम्पनी के नाम से पंजीकृत बोलेरो वाहन संख्या छ॥01ष्ट्श्व0558 को दिनांक 25.08.2026 की रात्रि करीब 10:00 बजे एनटीपीसी शक्तिनगर स्थित बीएचईएल गेट से करीब 50 मीटर अंदर डीएम प्लांट के पास खड़ा किया गया था। दिनांक 26.08.2026 को प्रात: करीब 08:30 बजे वाहन उक्त स्थान पर मौजूद नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चल सका। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0-163/2026, धारा-303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण एवं चोरी गए वाहन की बरामदगी हेतु प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर द्वारा पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस टीम द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों एवं सुरागरसी-पतारसी के आधार पर घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त अम्बिकेश्वर प्रसाद दुबे को दिनांक 01.09.2026 को समय करीब 22:03 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही एवं कब्जे से चोरी की बोलेरो वाहन, एक अन्य चोरी की मोटरसाइकिल तथा बोलेरो वाहन की नंबर प्लेट बरामद की गई। प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों।

## अजगैन पुलिस का वारंटियों पर शिकंजा, 7 गिरफ्तार

### अलग-अलग मामलों में न्यायालय से जारी थे गिरतारी वारंट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अजगैन पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित 7 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अंकुश (22), प्रेमशंकर लोध (33), बब्लू उर्फ उदय प्रताप (32), राजेश कुमार (42), विनय कुमार (37), राम किशोर लोध (62) और राजू (32) शामिल हैं। ये अभियुक्त थाना अजगैन क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के साथ ही नवाबगंज क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार सभी की गिरफ्तारी विभिन्न न्यायालयों से जारी गिरफ्तारी अधिपत्रों के अनुपालन में की गई। संबंधित मामलों में बीएनएस, भारतीय दंड संहिता, आबकारी अधिनियम और आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्यामजी शर्मा, जगसेन सोनकर, अरुण कुमार सिंह, मुकुल कुमार दुबे, महेश सिंह तोमर समेत हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल एवं महिला पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से न्यायालयी वारंटों की अनदेखी करने वाले आरोपियों में हड़कंप की स्थिति रही।

# जनपद में हो रही लगातार बारिश से गरीबों का आशियाना उजड़ने का सता रहा डर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र** - सदर विधान सभा के ओबरा तहसील के ग्राम पंचायत कुड़वा के टोला तुमियां कमरान टोला में कनहर डिवीजन 6 के द्वारा नहर किनारे सड़क का निर्माण कराया गया था जो बारिश के दिनों में मुसीबत बन गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त बांध कई वर्ष पहले भूमि संरक्षण विभाग से वर्ष 1985 में बांध बनवाया गया था जिसमें बांध से पानी निकालने के लिए कई निकास द्वार बनाये गये थे जो सड़क बनाने के लिए कनहर सिंचाई परियोजना निर्माण खंड 6 द्वारा ग्रामीणों के विरोध के बावजूद बंद कर दिया गया जो वहाँ के गरीब आदिवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों के द्वारा संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है फिर भी उनके कान तक आदिवासियों की आवाज सुनाई नहीं दे रही है। जिससे क्षुब्ध होकर स्थानीय लोगों द्वारा कई बार प्रदर्शन किया जा चुका किंतु संबंधित विभाग द्वारा कोई कारगर उपाय नहीं किया गया बल्कि उनके द्वारा सिर्फ कोरा आश्वासन देने का सिलसिला अनवरत जारी है। बतादें कि बुधवार को राम बेलास गोंड की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने कनहर सिंचाई परियोजना के विपरीत जमकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करायें ताकि गरीबों का आशियाना बच सके। जिसके क्रम में राम बेलास व मुकेश ने बताया कि कनहर बांध सिंचाई पारियोजना के अधिकारियों व कार्यदायी संस्था ( ठेकेदारों) की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि समय रहते उन्हें बार बार अवगत कराया गया किंतु अपनी हठदर्मिता के सामने एक नहीं सुनीं जिसका नतीजा रहा कि आज लगभग 600 मीटर की फसल जलमग्न हो गया और घर के पास मात्र 2 फीट पानी पहुँचने की देर है अगर इसी तरह से बारिश होती रही तो घर कभी भी धाराशायी हो सकता है। आगे उन्होंने बताया कि लोगों के सामने रहने खाने, पशु को निश्चित ठिकाना के लिए दिन रात सोचने को मजबूर हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राम बेलाश गोंड, अनिल गोंड,सुनिता,कलावती, कमला देवी, लखन,जागशाह ,जगू, रामप्यारे, हीरा लाल,लक्षुमन, दिनेश, वंशीधर,जगनारायन शामिल रहे। इस बावत् अधिशासी अभियंता(एकशियन ) कनहर डिवीजन निर्माण खंड -6 ने कहा कि जल्द ही समस्या का निराकरण करा दिया जायेगा। किसानों व रहवासियों की समस्या को देखते हुए संबंधित विभाग ने मौके पर जे सी बी भेजा जिसे देखकर किसान रामचंद्र, रामधनी, कैलास, विनोद, नंदू, मुन्ना, प्रमोद आदि विरोध करने लगे। विरोध के कारण मामला जस का तश रहा। किसानों का आरोप है कि अगर बाँध काट दिया गया तो बांध के नीचे के किसानों के दर्जनों किसानों की धान की फसल चौपट हो जायेगी इसके लिए अन्य वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य मशीनों की सहायता से बांध का पानी मुआवजा दिलाया जाय।

# सोन नदी के उफान से अड़गुड़ नाला बना बेहद खतरनाक, जान जोखिम में डालकर ट्यूब के सहारे पार कर रहे ग्रामीण

## पोखरिया पुलिस चौकी का कोन थाने से संपर्क टूटा; बिहार आने-जाने का रास्ता भी बंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन /सोनभद्र**- उत्तर प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत बसुहारी का अड़गुड़ नाला इन दिनों सोन नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण बेहद खतरनाक हो गया है। नाले में करीब 10 से 15 फीट तक पानी भर जाने से क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। हालात यह है कि ग्रामीण और राहगीर जान जोखिम में डालकर ट्यूब के सहारे नाला पार करने को मजबूर हैं। गहरे पानी और तेज बहाव के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। मंगलवार को अड़गुड़ नाले की गंभीर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संगठन सोनभद्र के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकुमार जायसवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कोन दिनेश कुमार गुप्ता, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक हृदय निवास पाण्डेय सहित तरिया क्षेत्र के शिवम कुमार प्रजापति, अजीत कुमार, कृष्णा कुमार गुप्ता समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे। टीम ने नाले का निरीक्षण करने के साथ ही प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से रुबरु हुए। ग्रामीणों ने बताया कि सोन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण अड़गुड़ नाले का पानी सोन नदी के गहरे जलस्तर से जुड़ गया है। नाले में भरा पानी कई स्थानों पर अत्यधिक गहरा हो चुका है। इसके बावजूद जरूरी काम के लिए ग्रामीणों को आवागमन करना पड़ रहा है। ट्यूब के सहारे पानी पार करना कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है

पानी भरने से क्षेत्र की स्थिति और गंभीर हो गई है। रास्ता जलमग्न होने के कारण अंतिम पुलिस चौकी पोखरिया का कोन थाने से संपर्क भी टूट गया है। वहीं बिहार की ओर आने-जाने वाले लोगों का संपर्क भी बाधित हो गया है। इससे सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात और सोन नदी के बढ़ते जलस्तर के दौरान हर वर्ष यहां आवागमन की समस्या गंभीर हो जाती है, लेकिन इस बार पानी का स्तर काफी अधिक होने से खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मौके पर सुरक्षा व्यवस्था कराने, खतरनाक स्थान पर चेतावनी बोर्ड लगाने तथा सुरक्षित आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। निरीक्षण करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग किया है।

विधायक सदर श भूपेश चौबे ने कहा कि श्रमिक प्रदेश के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रदेश सरकार श्रमिकों एवं आउटसोर्स कार्मिकों के सम्मान, अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज आउटसोर्स कार्मिकों की भर्ती व्यवस्था को ऑनलाइन, पारदर्शी एवं योग्यता और मेरिट आधारित बनाये जाने की जायेगी, रिक्रूटमेंट, पोस्टिंग, उपस्थिति, वेतन, ग्रेच्युटी, बीमा एवं अन्य सेवा लाभों का डिजिटल प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे पूरी व्यवस्था अधिक पारदर्शी रहे, उन्होंने कहा कि कार्मिक अपनी सर्विस डिटेल, बैंक खाता, उपस्थिति, भुगतान एवं वेतन से संबंधित कटौतियों की जानकारी एक ही

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 व 11 की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** जवाहर नवोदय विद्यालय में वित्तीय वर्ष 2027-28 के लिए कक्षा 9 एवं कक्षा 11 की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट (स्श्वस्ञ-2027) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक छात्र 30 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा पुरी ने बताया कि कक्षा 9 में प्रवेश के लिए छात्र का शैक्षिक सत्र 2026-27 में जनपद उन्नाव के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत होना जरूरी है। छात्र उन्नाव का मूल निवासी होना चाहिए तथा उसकी जन्म तिथि 1 मई 2012 से 31 जुलाई 2014 के बीच होनी चाहिए।

इसी प्रकार कक्षा 11 में प्रवेश के लिए छात्र का शैक्षिक सत्र 2026-27 में उन्नाव के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 10 में अध्ययनरत होना आवश्यक है।

छात्र जनपद का मूल निवासी हो तथा उसकी जन्म तिथि 1 जून 2010 से 31 जुलाई 2012 के मध्य होनी चाहिए।

कक्षा 9 के लिए अभ्यर्थी संबंधित ऑनलाइन पोर्टल तथा कक्षा 11 के लिए निर्धारित पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सीएचसी की सभी मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने के निर्देश-मुख्य विकास अधिकारी

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षकों (एमओआईसी) को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपदवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आई0सी0डी0एस0 विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि एन0आर0सी0 सेन्टर में सैम मैम बच्चों को भर्ती करने की कार्यवाही सुनिश्चि की जाये जिससे की अति दुर्बल बच्चें जल्द स्वस्थ्य हो सके इस दौरान उन्होने कहा कि जिन आशाओं द्वारा डिलवरी अस्पतालों मे एक भी नहीं करायी गयी है उन्हें नोटिस देने की कार्यवाही सुनिश्चि की जाये इस दौरान उन्होने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के प्रगति की समीक्षा की जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी की प्रगति धीमी पायी गयी जिसके लिए उन्होने सम्बन्धित सी0एच0ओ0 और डी0पी0एम0 के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये और प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर अगले माह में एम0वाई0सी0 के विरूद्ध एडवर्स एन्ट्री की कार्यवाही की जाये। उन्होने बैठक के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्दों पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये तथा जो कर्मी साफ-सफाई के लिये नियुक्त किया गया है उसके कार्यों में लापरवाही पायी जाती है तो चयनित एजेंसी को सूचित कर तत्काल हटाये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाये। डी0पी0ओ0 आई0सी0डी0एस0 को निर्देशित किया गया कि आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा नियमित रूप से आशा आगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाय। इस मौके मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रमेश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## आउटसोर्स कार्मिकों को मिलेगा सम्मान, सेवा सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत कवच

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - श्रम का सम्मान, सेवा की सुरक्षा और श्रमिक परिवारों के भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के क्रम में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के संबोधन का विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेंटर में सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिक एवं आउटसोर्स कार्मिक शामिल हुए मुख्यमंत्री के सम्बोधन के दौरान आउटसोर्सिंग कार्मिकों निगम के गठन व वेतन वृद्धि, चिकित्सा सुविधा और हित किये गये निर्णय की मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणा का उपस्थित कार्मिकों ने तालियों की गड़गड़हाट से स्वागत किये और प्रसन्नता व्यक्ति किये।इस अवसर पर विधायक सदर भूपेश चौबे , जिलाधिकारी चर्चित गौड़, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख सदर अजीत रावत, राज्यमंत्री के प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, अपर

# आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक में बढ़ोतरी, उन्नाव के 1449 कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

## निराला प्रेक्षागृह सभागार में सोमवार को उर प्रदेश आउटसोर्सिंग सेवा निगम के लोगो के अनावरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** निराला प्रेक्षागृह सभागार में सोमवार को उत्तर प्रदेश आउटसोर्सिंग सेवा निगम के लोगो के अनावरण, वेबसाइट एवं पोर्टल के शुभारंभ तथा आउटसोर्स कर्मियों के बढ़े हुए पारिश्रमिक की घोषणा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड तथा सदर विधायक पंकज गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभागार में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आउटसोर्स कर्मियों ने देखा। कार्यक्रम के दौरान आउटसोर्स सेवा निगम के लोगो एवं वेबसाइट का शुभारंभ किया गया तथा बढ़े हुए पारिश्रमिक की घोषणा के साथ प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर कर्मियों को सम्मानित किया गया। नई व्यवस्था के तहत कुशल श्रमिकों, जैसे कंप्यूटर ऑपरेटर आदि के लिए 22 हजार रुपये तक तथा अकुशल श्रमिकों के लिए 20 हजार रुपये तक पारिश्रमिक की व्यवस्था की गई है। साथ ही आउटसोर्स एजेंसियों को प्रत्येक माह 1 से 5 तारीख के बीच कर्मियों का पारिश्रमिक उपलब्ध कराने तथा ईपीएफ और ईएसआई की सुविधा सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है।

व्यवस्था के तहत कर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा एससी/एसटी, ओबीसी, दिव्यांगजन, महिलाओं, ईडब्ल्यूएस, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों तथा भूतपूर्व सैनिकों को नियमानुसार आरक्षण का लाभ दिए जाने की बात कही गई। उन्नाव जिले की 19 नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कार्यरत 1449 आउटसोर्स कर्मियों को इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद उन्नाव के सफाई कर्मियों और सीवर सफाई आउटसोर्स कर्मियों को सेवा कार्य में उपयोगी किट भी वितरित की गई। श्रम विभाग की ओर से कन्या विवाह सहायता योजना के छह लाभार्थियों को 65-65 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक तथा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के 13 लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। इस दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सरकार के निर्णय को आउटसोर्स कर्मियों के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों को सम्मान, सुरक्षा और बेहतर अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश, नीलेश दीक्षित, राधेश्याम सिंह, पूर्णिमा सिंह, इंदीवर जोशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर पहुंचे। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रुद्रसेन के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और मीडिया से बातचीत में भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े धन में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की संस्कृति बन गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामधन की लूट को भगवान और देश की जनता माफ नहीं करेगी। उनके मुताबिक, मंदिर में चढ़ावे के धन में चोरी का मामला सामने आने के बावजूद बड़े लोगों को क्लीन चिट दे दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अयोध्या में लोगों की श्रद्धा और आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। स्वास्थ्य, शिक्षा और लोक निर्माण समेत सभी विभागों में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में 400 करोड़ रुपये की फर्जी दवाओं के मिलने का भी आरोप लगाया। स्मार्ट सिटी योजना को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बड़े-बड़े सपने दिखाए, लेकिन किसानों और युवाओं के लिए कोई ठोस काम नहीं किया। प्रदेश के घोषित स्मार्ट शहरों की स्थिति खराब है और योजना के लिए आए धन में भी कथित तौर पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रही, गन्ने का उचित मूल्य नहीं मिल रहा और खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। अखिलेश यादव ने अग्निवीर योजना को लेकर कहा कि युवाओं के साथ धोखा किया गया है। सेना में युवाओं की स्थायी नौकरी को अग्निवीर बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा पिछले दस वर्षों से रोजगार और नौकरी के लिए भटक रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अग्निवीर योजना समाप्त करने और युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी दिलाने के पक्ष में है। 2027 में सपा की सरकार बनने पर युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा और योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने गन्ना किसानों को 24 घंटे में भुगतान किए जाने का भी दावा किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में 60 प्रतिशत तक कमीशन लिए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे और सड़कों की स्थिति खराब है। गंगा एक्सप्रेस-वे और लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर जगह-जगह गड्ढे होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यदि निर्माण में डिजाइन की खामी है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है। जल जीवन मिशन को लेकर भी उन्होंने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कहा कि कई जिलों में पानी की टंकियां टूटकर गिर रही हैं। जनता भाजपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार को देख रही है और विधानसभा चुनाव में इसका हिसाब करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है।

# 4 सितंबर को मनेगी जन्माष्टमी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी इस वर्ष 4 सितंबर, शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री सनातन ज्योतिष पद्धति के अनुसार भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि रात्रि 12 बजकर 13 मिनट 46 सेकेंड तक रहेगी। इस दौरान रोहिणी नक्षत्र रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के समय भी रोहिणी नक्षत्र विद्यमान था। इसी कारण इस वर्ष की जन्माष्टमी को विशेष धार्मिक महत्व वाला माना जा रहा है। जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा-अर्चना, व्रत और भजन-कीर्तन के माध्यम से पर्व मनाएंगे। मध्यरात्रि में भगवान के प्राकट्य के समय विशेष पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार को धर्म की पुनर्स्थापना और अधर्म के विनाश से जोड़कर देखा जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है- 'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत...' अर्थात जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब भगवान धर्म की स्थापना तथा साधुजनों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। धार्मिक कथाओं के अनुसार उस समय कंस के अत्याचारों से पृथ्वी त्रस्त थी। आकाशवाणी में कंस को बताया गया कि देवकी का आठवां पुत्र उसका वध करेगा। इसके बाद कंस ने देवकी और वासुदेव को कारागार में बंद कर दिया। देवकी की सात संतानों की हत्या के बाद आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने देवकी के आठवें पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण का अवतार लेकर अधर्म के अंत और धर्म की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। जन्म के बाद वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण को लेकर गोकुल पहुंचे, जहां उनका पालन-पोषण नंद और यशोदा के यहां हुआ। कृष्ण जन्म की कथा में योगमाया का भी विशेष उल्लेख मिलता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने योगमाया को गोकुल में यशोदा के गर्भ से प्रकट होने का निर्देश दिया था। यही योगमाया आगे चलकर विंध्यवासिनी माता के रूप में प्रसिद्ध हुई। जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की विशेष पूजा की जाती है। श्रद्धालु व्रत रखते हैं और मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण के प्राकट्य के बाद व्रत का पारण करते हैं। मंदिरों में झांकियां सजाई जाती हैं तथा भगवान को झूला झुलाने की परंपरा भी निभाई जाती है। आचार्य दिनेश 'ज्योतिष वाचस्पति' ने कहा कि भगवान केवल कर्मकांड से नहीं, बल्कि प्रेम, श्रद्धा और निर्मल हृदय से प्रकट होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि मन में मोह, अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और द्वेष भरा हो तो भगवान का प्राकट्य कैसे संभव हो सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि जन्माष्टमी के अवसर पर बाहरी आडंबर के साथ अपने मन की शुद्धि पर भी ध्यान दें। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और गीता के संदेश को आत्मसात करना ही पर्व की सार्थकता है। प्रेम, सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर चलकर ही भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में उतारा जा सकता है।

# कोटेदारों ने योगी आदित्यनाथ और मंत्री मनोज पाण्डेय को भेजा धन्यवाद ज्ञापन

## कोटेदारों का कमीशन ?90 से बढ़ाकर 125 प्रति कुंतल, संगठन ने जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिश्रिख(सीतापुर)** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश (जनपद सीतापुर) की ओर से कोटेदारों के लाभांश (कमीशन) में ऐतिहासिक वृद्धि किए जाने पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया गया। संगठन ने कोटेदारों का कमीशन ?90 से बढ़ाकर ?125 प्रति कुंतल किए जाने के निर्णय का स्वागत किया। प्रेस नोट में संगठन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज पांडे का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि कमीशन दर में वृद्धि से राशन विक्रेताओं को आर्थिक राहत मिलेगी। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित होने में मदद मिलेगी। संगठन की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज पांडेय तक धन्यवाद संदेश प्रेषित किया गया। इस दौरान यह विश्वास जताया गया कि जनपद सीतापुर के सभी राशन विक्रेता पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भाव के साथ कार्य करते रहेंगे। प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह यादव, जिला महासचिव विशाल रस्तोगी, विजय पाल, अजय वर्मा, कमलेश मिश्रा, वीरेन्द्र मधुकर,आलोक मिश्रा, राजेंद्र कुमार, दिलीप गुप्ता, सुहेल, दिनेश यादव, नवीन गुप्ता सहित जनपद के अन्य पदाधिकारी सहित तमाम कोटेदार बंधु मौजूद रहे।संगठन ने कहा कि कोटेदार हित, सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आगे भी संगठन एकजुट होकर अपनी आवाज उठाता रहेगा।

# अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारियों ने उठाई 13 सूत्रीय मांग

## अतिरित टाइपिस्ट व बयान लेखक के पद सृजित करने, आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने समेत कई मांगों को लेकर शासन को सौंपा ज्ञापन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, लखनऊ की ओर से 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कर्मचारियों ने शासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। ज्ञापन में NPS समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (OPS) बहाल करने, प्रत्येक न्यायालय में अतिरिक्त टाइपिस्ट एवं बयान लेखक के पद सृजित करने तथा संविदा एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि माननीय वेतन आयोग की संस्तुति के बावजूद प्रत्येक न्यायालय में अतिरिक्त टाइपिस्ट का पद अभी तक सृजित नहीं किया गया है। कार्य के बढ़ते बोझ को देखते हुए प्रत्येक न्यायालय में अतिरिक्त टाइपिस्ट का पद सृजित करने की मांग की गई। इसी प्रकार, उच्च न्यायालय की ओर से न्यायालयों में कार्यभार को देखते हुए प्रत्येक न्यायालय में एक-एक बयान लेखक का पद स्वीकृत किए जाने की संस्तुति शासन से की गई थी। संघ ने इस लंबित मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए बयान लेखक के पद सृजित करने की मांग की। ज्ञापन में अधीनस्थ न्यायालय सेवा नियमावली-2013 का हवाला देते हुए कहा गया कि नियमावली में संविदा एवं आउटसोर्सिंग के पदों की व्यवस्था का प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद न्यायालयों में ऐसी व्यवस्था लागू की गई है। संघ ने संविदा एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की। कर्मचारियों ने शासनादेश संख्या 684/सात-न्याय-2-2026/2008 टीसी, दिनांक 14 अगस्त 2026 का उल्लेख करते हुए कहा कि पेशकार वर्ग एवं स्टेनोग्राफर को प्रारंभिक नियुक्ति के समय 4500 रुपये वार्षिक वर्दी भत्ता तथा 100 रुपये प्रतिमाह धुलाई भत्ता अनुमन्य किया गया है। संघ ने जनपद न्यायालयों के अन्य वर्गों के लिपिकीय कर्मचारियों को भी वर्दी भत्ता दिए जाने के संबंध में शासनादेश जारी करने की मांग की। वहीं, कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (OPS) तत्काल बहाल करने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया। संघ ने NPS के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों को OPS में शामिल किए जाने के लिए शासनादेश जारी करने की मांग की। बैठक को सफल बनाने में दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, लखनऊ के जिला अध्यक्ष विजय यादव, शाखा सचिव श्याम सुंदर राठौर, कोषाध्यक्ष विनय प्रकाश मौर्य, प्रचार सचिव संजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रांतीय उपाध्यक्ष अमित यादव तथा प्रांतीय कोषाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों के हितों से जुड़े इन मुद्दों पर सरकार शीघ्र सकारात्मक निर्णय ले, जिससे अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत कर्मचारियों को उनका उचित अधिकार मिल सके। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने 'हमारी एकता–हमारी ताकत, एकजुट हों, अधिकार पाएं' का संदेश भी दिया।

# विधायक के दबाव में दुकानों व भूखंडों को प्रभावित करने का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिधौली।** ग्राम अटरिया के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सीतापुर को प्रार्थना पत्र देकर सिधौली विधायक मनीष रावत के कथित दबाव में उनकी दुकानों एवं निर्माणाधीन भूखंडों को प्रभावित किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उनकी दुकानों और जमीन को प्रभावित होने से बचाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम पंचायत अटरिया, परगना मनवा, तहसील सिधौली स्थित नेशनल हाईवे-24 पर गाटा संख्या 945 में उन्होंने करीब 10 से 12 वर्ष पूर्व भूमि/भूखंड खरीदे थे। इन भूखंडों पर करीब 10 वर्ष पूर्व से दुकानें एवं बाउंड्रीवाल आदि का निर्माण कराकर ग्रामीण अपना कारोबार करते आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन्हीं दुकानों से उनके परिवारों की रोजी-रोटी चलती है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि इसी गाटा संख्या 945 का कुछ हिस्सा पीछे की ओर शेष बचा हुआ था। उक्त शेष हिस्से में से भूमि का बैनामा 10 सितंबर 2025 को सिधौली विधायक मनीष रावत के सगे बड़े भाई आदित्य प्रकाश द्वारा कराया गया। ग्रामीणों का दावा है कि उनके द्वारा खरीदे गए इस हिस्से तक आने-जाने के लिए मौके पर दो अलग-अलग सड़कों से रास्ता पहले से मौजूद है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अब क्षेत्रीय विधायक उक्त भूमि को जीटी रोड की ओर लेने के उद्देश्य से उनकी दुकानों, बाउंड्रीवाल एवं निर्माणाधीन भूखंडों को हटाकर अथवा प्रभावित कर अपने भाई के हिस्से को जोड़ना चाहते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक यदि उनकी दुकानें प्रभावित होती हैं तो उनका वर्षों से चल रहा कारोबार बंद हो जाएगा और उनके परिवारों के सामने आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सिधौली पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उपजिलाधिकारी कथित रूप से विधायक के दबाव में गाटा संख्या 945 का कुर्रा-बंटवारा उनकी इच्छा के अनुसार कराना चाहते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल पर भी कथित रूप से दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अपनी जमीन वर्षों पहले खरीदकर उस पर निर्माण किया है और लंबे समय से वहां दुकानें संचालित कर अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे हैं। ऐसे में बिना निष्पक्ष जांच एवं मौके की वास्तविक स्थिति देखे किसी भी प्रकार की कार्रवाई होने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेने, गाटा संख्या 945 के अभिलेखों एवं मौके की स्थिति की निष्पक्ष जांच कराने, कुर्रा-बंटवारे की प्रक्रिया की जांच करने तथा उनकी दुकानों, बाउंड्री एवं भूखंडों को किसी भी प्रकार से अवैध रूप से प्रभावित होने से बचाने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में महोदेव प्रसाद विश्वकर्मा, सतीश कुमार, बिन्द्रा प्रसाद, रामनरेश, सुंदर, रामदास एवं अशोक मिश्रा सहित अन्य प्रार्थीगण के नाम दर्ज हैं।

# जलभराव से बेहाल भैरमपुर की गली, घरों से निकलना दुश्वार

## .........बारिश के बाद रास्ते में भर जाता है पानी, सांप-बिच्छुओं के खतरे के बीच ग्रामीणों ने पकी सड़क व जलनिकासी की मांग की।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज विकासखंड के निगोहां क्षेत्र की ग्राम सभा मीरख नगर के मजरे भैरमपुर में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने से एक गली में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। बारिश के बाद रास्ते में कई दिनों तक पानी भरा रहने से ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक पाइपलाइन बिछाने के दौरान रास्ते की हालत और खराब हो गई थी, जबकि पहले यहां खड़ंजा लगा था। जलभराव के कारण कीचड़ व फिसलन के साथ सांप-बिच्छुओं के घरों में घुसने का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण व मिट्टी डालने के प्रयास के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से जलनिकासी की व्यवस्था कराने के साथ पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

## हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

**बिसवां, सीतापुर।** बिसवां के बड़े चौराहे स्थित रायगंज मार्ग पर बुधवार को विद्युत पोल पर काम करने के दौरान हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थाना मिश्रिख क्षेत्र की नई बस्ती निवासी 42 वर्षीय नागेंद्र विद्युत पोल पर कार्य कर रहे थे। अवर अभियंता ने बताया कि बिना शटडाउन लिए पोल पर चढ़े लाइनमैन को अचानक हाईटेंशन करंट लग गया। करंट लगते ही वह पोल से नीचे सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर उन्हें सीएचसी बिसवां पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के विषय में लिए गए निर्णय पर जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 2 सितंबर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के विषय में लिए गए निर्णय पर जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे एवं कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश में कार्यरत लगभग साढे तीन लाख आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के भविष्य को मजबूती मिलेगी और सेवा संबंधी सुरक्षा भी प्राप्त होगी पांडे और बच्चा ने यह भी बताया कि सरकार के इस निर्णय से दोनों भवनों में कार्यरत हजारों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई वेतन वृद्धि और सेवा शर्तों में सुरक्षा प्रदान किए जाने से कर्मचारी समाज में प्रसन्नता का माहौल है। महासंघ के उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, उपाध्यक्ष उमंग निगम महासंघ के सहायक कार्यालय सचिव रिजवान अहमद, सफीकुर रहमान अंसारी, निर्मल शुक्ला, जलीस खान, सूरज मिश्रा ,सर्वेश मिश्रा आशीष त्रिपाठी, रफीक अहमद, महासंघ के संगठन मंत्री नियाजउद्दीन आदि ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अधूरी सड़क को लेकर 15वें दिन भी किसानों का धरना जारी, बारिश में भी डटे रहे अन्नदाता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** नगराम के कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर अधूरी सड़क का निर्माण पूरा कराने की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले चल रहा किसानों का धरना बुधवार को 15वें दिन भी जारी रहा। लगातार बारिश के बावजूद किसान धरना स्थल पर डटे रहे। किसानों ने कहा कि अधूरी सड़क के चलते ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है और बरसात में हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। धरने पर बैठे किसानों ने प्रशासन की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। किसानों का आरोप है कि 15 दिन से धरना चलने के बावजूद एसडीएम मोहनलालगंज धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनने नहीं आए। किसानों ने कहा कि तहसील प्रशासन संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर सड़क निर्माण की समस्या का समाधान करा सकता है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने कहा कि किसान बारिश, भूख और प्यास की परवाह किए बिना जनहित की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लगातार आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन सड़क निर्माण पूरा कराने के लिए धरातल पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन समय रहते पहल करता तो ग्रामीणों की समस्या दूर हो सकती थी और किसानों को आंदोलन समाप्त करने का मौका मिलता। धरना संचालक केशवराम लोधी ने कहा कि यह केवल किसानों का नहीं, बल्कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों के आवागमन से जुड़ा मामला है। बरसात में अधूरी सड़क की वजह से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की। धरने के दौरान किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए हस्ताक्षर भी किए। इस दौरान हरिपाल सिंह, केशवराम लोधी, रामकुमार प्रधान पति, रामदुलारे, नन्हे राम, राम कुमार यादव, अहिरवारदीन, करन सिंह, वीरपाल सिंह, शिवपूजन, ब्रह्मादीन समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने स्पष्ट किया कि अधूरी सड़क का निर्माण पूरा होने तक उनका धरना जारी रहेगा।

## सार्वजानिक सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रोहित कुमार चौरसिया पुत्र भगवान दास निवासी– बबुरा खुर्द – ड्रमंडगंज, मिर्जापुर का स्थायी निवासी हूँ मेरा हाई स्कूल वर्ष 2021 का अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 212502747 का वास्तव में मेरा अंक पत्र सह प्रमाण पत्र कही खो गया है। काफी तलाश करने के बाद मुझे अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।

# संपादकीय

## अति की हदें पार करती असहमति

विपक्ष का दायित्व सरकार की खामियों को उजागर करना है, लेकिन विरोध के लिए विरोध की राजनीति लोकतांत्रिक विमर्श को कटु और नकारात्मक बना रही है। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बीच देशवासियों की सामूहिक शक्ति और आर्थिक आत्मविश्वास का परिणाम बताया। प्रधानमंत्री के इस बयान पर कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए अर्थव्यवस्था की विभिन्न कमजोरियों को गिनाया। विपक्ष का सरकार की आलोचना करना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन सवाल तब उठता है जब आलोचना का उद्देश्य समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के बजाय हर उपलब्धि को नकारना बन जाए। निस्संदेह विपक्ष से सरकार की प्रशंसा की अपेक्षा नहीं की जा सकती। उसका काम सरकार की नीतियों और खामियों को सामने लाना तथा गलतियों के लिए उसे कठघरे में खड़ा करना है। इससे सरकार पर दबाव बनता है और वह बेहतर ढंग से काम करने के लिए प्रेरित होती है। लेकिन पिछले करीब दो दशकों में असहमति की राजनीति धीरे-धीरे विरोध के लिए विरोध की राजनीति में बदलती दिखाई दे रही है। इसका असर राजनीतिक संवाद के साथ-साथ सामाजिक वातावरण पर भी पड़ रहा है। आज राजनीतिक विमर्श पहले की तुलना में कहीं अधिक कटु, नकारात्मक और छिद्रान्वेषी हो गया है। स्थिति यह है कि यदि कोई नेता नियमों का पालन करने, संयम बरतने और अनुशासन बनाए रखने की अपील करता है तो उसके विरोध में भी राजनीतिक तर्क खड़े कर दिए जाते हैं। असहमति लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन जब असहमति हर मुद्दे पर केवल विरोध का माध्यम बन जाए तो इससे लोकतांत्रिक संवाद कमजोर होता है। इस कटुता का प्रभाव सामाजिक विमर्श में भी स्पष्ट दिखाई देता है। डिजिटल मंचों और सामाजिक माध्यमों पर स्वस्थ बहस की जगह अक्सर गाली-गलौज और व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप ने ले ली है। राजनीतिक दलों के सूचना-प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ विरोधी नेताओं पर कई बार मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए व्यक्तिगत हमले करते हैं। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से तैयार की गई सामग्री भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही है। कई बार महिला नेताओं को भी ऐसे अपमानजनक अभियानों का सामना करना पड़ता है। इससे राजनीतिक और सामाजिक वातावरण लगातार दूषित हो रहा है। कटु राजनीति का असर सामाजिक एकजुटता पर भी पड़ रहा है। महापुरुषों और राष्ट्रीय प्रतीकों तक को राजनीतिक खेमों में बांटने की प्रवृत्ति बढ़ी है। नतीजा यह है कि ऐसे राष्ट्रीय अभियानों, जिनमें व्यापक जनभागीदारी की आवश्यकता होती है, उनमें भी राजनीतिक एकजुटता दिखाई नहीं देती। जबकि देश की कई समस्याओं का समाधान केवल सरकार के प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है। स्वच्छ भारत अभियान इसका एक उदाहरण है। अभियान की शुरुआत के समय आम लोगों में सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और गंदगी न फैलाने को लेकर उत्साह दिखाई देता था। लेकिन समय के साथ इस जनभागीदारी में कमी आई है। यदि नागरिक स्वयं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक और सक्रिय नहीं होंगे तो सरकारी एजेंसियां अकेले इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकतीं। इसी तरह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और हर घर तिरंगा जैसे अभियानों की सफलता भी व्यापक जनभागीदारी पर निर्भर है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि कई सामाजिक और राष्ट्रीय अभियान राजनीतिक दलों की आपसी खींचतान के कारण किसी एक सरकार या दल के कार्यक्रम बनकर रह जाते हैं। किसी अभियान की शुरुआत किस सरकार ने की, यह महत्वपूर्ण नहीं होना चाहिए; महत्वपूर्ण यह है कि उसका उद्देश्य समाज और देश के हित में क्या योगदान देता है। राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर राजनीतिक दलों के बीच न्यूनतम सहमति लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। संसद हो या संसद के बाहर का सार्वजनिक जीवन, हर मुद्दे पर टकराव की राजनीति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत नहीं है। ऐसे समय में राष्ट्रीय एकता परिषद जैसे मंचों की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। राष्ट्रीय एकता परिषद एक गैर-संवैधानिक निकाय है, जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। इसमें सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, राजनीतिक दलों के नेता, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष तथा उद्योग, व्यापार, मीडिया और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों को स्थान दिया जाता है। इसकी स्थापना 1961 में हुई थी। इसका उद्देश्य सांप्रदायिकता, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद और संकीर्णता जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक सहमति तैयार करना था। आज जब राजनीतिक और सामाजिक वातावरण में विभाजनकारी प्रवृत्तियां दिखाई दे रही हैं, तब इस परिषद को सक्रिय करने पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय एकता परिषद का उद्देश्य किसी सरकार या राजनीतिक दल का समर्थन करना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद और सहमति का वातावरण तैयार करना है। लोकतंत्र में असहमति आवश्यक है, लेकिन असहमति का अर्थ हर बात का विरोध नहीं हो सकता। स्वस्थ लोकतंत्र वही है, जहां सरकार की आलोचना भी हो और अच्छे काम की सराहना भी। राजनीतिक दलों के बीच मतभेद रहें, लेकिन राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर सहयोग की गुंजाइश बनी रहे। यदि विरोध की राजनीति हर सीमा पार कर जाएगी तो उसका नुकसान किसी एक दल को नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक और सामाजिक ताने-बाने को उठाना पड़ेगा।

# एससीओ के मंच से चीन और पाकिस्तान को एक साथ धोकर मोदी ने दुनिया की वाहवाही लूट ली

एससीओ शिखर सम्मेलन में वैसे तो सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने अपने अपने संबोधन में तमाम तरह के मुद्दे उठाये लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में शामिल मुद्दों की विविधता और सबको साथ लेकर चलने के जज्बे ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। साथ ही तमाम अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक भी यह देखकर हैरान हैं कि कैसे मोदी ने मंच पर साथ मौजूद चीन के राष्ट्रपति और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को जबरदस्त तरीके से घेर लिया। हम आपको बता दें कि शहबाज शरीफ के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा किया तो वहीं संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सवाल पर चीन को भी आड़े हाथ लेने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आतंकवाद पर मोदी ने दो टूक कहा कि जो देश आतंकियों को पनाह देते हैं और आतंकवाद को अपनी नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, उन्हें स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि आतंक कभी किसी की रणनीतिक संपत्ति नहीं बन सकता। वहीं कनेक्टिविटी के नाम पर संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौते को अस्वीकार करते हुए उन्होंने चीन को भी साफ संदेश दिया।किर्गिज गणराज्य की राजधानी बिश्केक में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित 26वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भारत ने अपनी मौजूदगी को महज औपचारिक भागीदारी तक सीमित नहीं रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ के 25 वर्षों की यात्रा को अगले 25 वर्षों की दिशा तय करने के अवसर में बदलते हुए भारत का स्पष्ट एजेंडा सामने रखा। सिक्योरिटी, कनेक्टिविटी और अपॉर्च्युनिटी के जरिये मोदी का संदेश था कि अब केवल घोषणाओं और संवाद से काम नहीं चलेगा, बल्कि सहयोग को ठोस परिणामों में बदलना होगा।प्रधानमंत्री के भाषण का सबसे धारदार हिस्सा आतंकवाद पर था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है और इसके खिलाफ कार्रवाई केवल घटना के बाद प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। आतंकवादी वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ, सुरक्षित ठिकानों और पूरे आतंकी तंत्र को ध्वस्त करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी भी प्रकार के दोहरे मापदंड को स्वीकार करने से साफ इंकार किया। यह संदेश ऐसे मंच से आया, जहां पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ स्वयं मौजूद थे।भारत की कूटनीतिक उपलब्धि यहीं समाप्त नहीं हुई। एससीओ के 25 वर्ष पूरे होने पर स्वीकार की गई बिश्केक डिक्लेरेशन ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भारत की प्राथमिकताओं को मजबूती दी। घोषणा और शिखर सम्मेलन के अन्य फैसलों में आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय खतरों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। सुरक्षा चुनौतियों और खतरों से निपटने के लिए यूनिवर्सल सेंटर संबंधी नियमों को मंजूरी देना सदस्य देशों के बीच समन्वय और सूचना आदान-प्रदान को मजबूत करने वाला कदम है। भारत के लिए विशेष महत्व की बात यह भी रही कि अंग्रेजी को एससीओ के संस्थागत ढांचे में शामिल करने की दिशा में प्रगति हुई। साथ ही भारत द्वारा आगे बढ़ाई गई कई पहलों जैसे- एससीओ सिविलाइजेशन डायलॉग फोरम, यंग साइंटिस्ट फोरम और यंग ऑथर्स कॉन्क्लेव को भी बिश्केक डिक्लेरेशन में स्थान मिला। यह संकेत है कि भारत अब एससीओ में केवल सुरक्षा संबंधी चिंताएं उठाने वाला देश नहीं, बल्कि संगठन के बौद्धिक, सांस्कृतिक और संस्थागत भविष्य को आकार देने वाला सक्रिय साझेदार बन रहा है। मोदी ने अपनी विदेश नीति की व्यापक सोच को भी भाषण में स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि यूरेशिया की सुरक्षा और शांति का संबंध अफगानिस्तान की स्थिरता से जुड़ा है और भारत वहां विकास तथा मानवीय सहायता जारी रखेगा। पश्चिम एशिया के संघर्षों का उदाहरण देते हुए उन्होंने आगाह किया कि आज की दुनिया में किसी एक क्षेत्र का युद्ध उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। उसका असर ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ता है, जिसका सबसे अधिक बोझ ग्लोबल साउथ को उठाना पड़ता है। इसलिए भारत का स्पष्ट मत है कि युद्धों और तनावों का समाधान रणभूमि पर नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीति से होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने नशे के कारोबार को भी क्षेत्रीय सुरक्षा का गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी केवल अपराध नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी और क्षेत्रीय स्थिरता पर हमला है। इस संदर्भ में एससीओ के तहत सुरक्षा, संगठित अपराध, सूचना सुरक्षा और नारकोटिक्स से निपटने के लिए बनाए जा रहे केंद्रों को प्रभावी और त्वरित कार्रवाई का माध्यम बनाने पर जोर दिया गया। इस तरह आतंकवाद और नार्को-टेररिज्म के खिलाफ भारत की चिंता को व्यापक एससीओ एजेंडे से जोड़ने में सफलता मिली। कनेक्टिविटी पर भी मोदी का संदेश उतना ही स्पष्ट और कूटनीतिक रूप से अहम था। भारत बाजारों को जोड़ने, व्यापार बढ़ाने और विकास के नए रास्ते खोलने वाली सभी पहल का समर्थन करता है, लेकिन ऐसी किसी भी परियोजना के लिए सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अनिवार्य है। प्रधानमंत्री का यह संदेश चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल और विशेष रूप से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसका एक हिस्सा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। भारत लंबे समय से इस परियोजना का विरोध करता रहा है और इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। ऐसे में मोदी ने बिना किसी देश या परियोजना का नाम लिए एससीओ मंच से साफ कर दिया कि कनेक्टिविटी और विकास के नाम पर किसी देश की क्षेत्रीय अखंडता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। साथ ही उन्होंने सड़क, रेल और हवाई संपर्क बढ़ाने के अलावा कस्टम प्रक्रियाओं को सरल बनाने, डिजिटल दस्तावेजीकरण को बढ़ावा देने और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# डॉक्टरों की सुरक्षा से समझौता नहीं, अस्पतालों में हिंसा पर लगे निर्णायक लगाम

देश में डॉक्टर को अक्सर भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। यह केवल एक भावनात्मक उपमा नहीं, बल्कि उस भरोसे का प्रतीक है जिसके सहारे कोई व्यक्ति अपने जीवन और अपने परिवार के सदस्य का जीवन चिकित्सक के हाथों में सौंप देता है। बीमारी, दुर्घटना या किसी गंभीर संकट की स्थिति में परिवार का सबसे पहला सहारा अस्पताल और डॉक्टर ही होते हैं। उस समय मरीज और उसके परिजन डॉक्टर से उम्मीद करते हैं कि वह हर संभव प्रयास करके जीवन बचाएगा। ऐसे में उसी डॉक्टर के साथ अस्पताल के भीतर मारपीट, गाली-गलौज या धमकी की घटना केवल एक व्यक्ति के सम्मान पर हमला नहीं, बल्कि पूरे चिकित्सा तंत्र की गरिमा और समाज के भरोसे पर चोट है। ठाणे के नगर अस्पताल में डॉक्टरों से मारपीट के मामले में सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी इसी गंभीर सवाल को सामने रखती है। बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा ट्रायल कोर्ट से दी गई जमानत पर रोक लगाने और मामले का स्वतः संज्ञान लेने के निर्णय को सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ठहराया है। शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे समेत आरोपियों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने स्पष्ट संकेत दिया कि अस्पताल में घुसकर डॉक्टरों पर हमला करने जैसी घटनाओं को सामान्य विवाद मानकर नहीं देखा जा सकता। पीठ ने इस बात को भी गंभीरता से लिया कि घटना में एक महिला डॉक्टर भी मौजूद थीं और मारपीट का वीडियो सामने आया था। न्यायालय का यह रुख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संदेश देता है कि अस्पताल हिंसा के लिए कोई खुला मैदान नहीं हो सकता और कानून के सामने राजनीतिक पहचान अथवा सामाजिक प्रभाव की कोई विशेष ढाल नहीं होनी चाहिए। दरअसल, डॉक्टरों पर हमले की घटनाएं केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं हैं। यह उस सामाजिक मानसिकता का परिणाम भी हैं जिसमें कई बार मरीज की हालत बिगड़ने या उपचार में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने पर गुस्सा डॉक्टर के खिलाफ मोड़ दिया जाता है। परिवार का दुख और चिंता स्वाभाविक है। किसी अपने को गंभीर स्थिति में देखकर व्यक्ति विचलित हो सकता है। लेकिन भावनात्मक आक्रोश को हिंसा में बदलने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। बीमारी हमेशा डॉक्टर की गलती नहीं होती और हर चिकित्सा प्रक्रिया का परिणाम मरीज या उसके परिजनों की इच्छा के अनुरूप हो, यह भी संभव नहीं है। चिकित्सा विज्ञान संभावनाओं और जटिलताओं के बीच काम करता है। इस वास्तविकता को समझे बिना डॉक्टर को हर असफलता का जिम्मेदार ठहराना खतरनाक प्रवृत्ति है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अस्पताल जैसी जगह, जहां व्यक्ति सुरक्षा और उपचार की उम्मीद लेकर पहुंचता है, वहां डॉक्टर स्वयं असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। यदि चिकित्सक को यह भय रहने लगे कि किसी मरीज के परिजन या भीड़ इलाज के परिणाम से नाराज होकर उस पर हमला कर सकती है, तो इसका सीधा असर चिकित्सा व्यवस्था पर पड़ेगा। डॉक्टर निर्णय लेने में हिचकेंगे, तनाव बढ़ेगा और कई बार कठिन परिस्थितियों में जरूरी चिकित्सकीय फैसले लेने का साहस भी प्रभावित हो सकता है। इसका नुकसान अंततः मरीज को ही होगा। इसलिए डॉक्टरों की सुरक्षा को किसी पेशेवर समूह की विशेष मांग समझना भूल होगी। यह सीधे-सीधे सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था का प्रश्न है। जिस देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की बात हो रही है, वहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। अस्पतालों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील मामलों में प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, शिकायतों के लिए प्रभावी व्यवस्था और हिंसा की स्थिति में तत्काल कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष कानून के शासन से जुड़ा है। लोकतंत्र में कोई व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं हो सकता। जनप्रतिनिधि होने का अर्थ यह नहीं है कि किसी को अस्पताल में जाकर डॉक्टर से दुर्व्यवहार या मारपीट करने का अधिकार मिल जाता है। यदि कोई निर्वाचित प्रतिनिधि ही कानून को अपने प्रभाव की सीमा में समझने लगे तो आम नागरिक से कानून के सम्मान की अपेक्षा कैसे की जा सकती है? जनप्रतिनिधियों पर तो सामान्य नागरिक की तुलना में अधिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि उनका आचरण समाज के लिए उदाहरण बनता है। यह भी जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के व्यवहार को लेकर स्पष्ट आचारसंहिता तय करें। अस्पताल में हिंसा करने वाला व्यक्ति किसी दल का समर्थक हो, पदाधिकारी हो या निर्वाचित प्रतिनिधि, उसके खिलाफ कार्रवाई केवल इसलिए कमजोर नहीं पड़नी चाहिए कि उसके पीछे राजनीतिक पहचान है। राजनीति का उद्देश्य समाज में व्यवस्था और विश्वास कायम करना है, न कि किसी व्यक्ति को कानून से बचाने का माध्यम बनना। डॉक्टरों के साथ होने वाली बदसलूकी का एक कारण अस्पतालों में संवाद की कमी भी है। गंभीर बीमारी की स्थिति में मरीज के परिजन स्वाभाविक रूप से कई सवाल पूछते हैं। उन्हें उपचार, बीमारी की गंभीरता, संभावित जोखिम और आगे की प्रक्रिया के बारे में पर्याप्त जानकारी न मिले तो बेचैनी और असंतोष बढ़ सकता है। अस्पताल प्रशासन को मरीजों और परिजनों के साथ संवाद की ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे शिकायतों को हिंसा का रूप लेने से पहले ही रोका जा सके। लेकिन संवाद की व्यवस्था का अर्थ यह कतई नहीं कि हिंसा को सहन किया जाए। शिकायत का अधिकार हर व्यक्ति को है, हिंसा का अधिकार किसी को नहीं। महिला डॉक्टर के साथ हुई मारपीट इस मामले को और गंभीर बनाती है। कार्यस्थल पर किसी महिला चिकित्सक को धमकाना या उसके साथ हिंसक व्यवहार करना सभ्य समाज के लिए बेहद चिंताजनक है। चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है और अस्पतालों में बड़ी संख्या में महिला डॉक्टर, नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मी सेवाएं दे रहे हैं। यदि वे अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित नहीं हैं तो यह केवल स्वास्थ्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि महिलाओं की कार्यस्थल सुरक्षा का भी सवाल है। अस्पतालों में हिंसा को रोकने के लिए केवल घटना के बाद गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है। व्यवस्था को इस तरह बनाया जाना चाहिए कि हिंसा की नौबत ही न आए। अस्पतालों में प्रवेश और सुरक्षा प्रबंधन बेहतर हो, संवेदनशील वार्डों में निगरानी हो, विवाद की स्थिति में तत्काल हस्तक्षेप के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी उपलब्ध हों और किसी भी हमले की सूचना पर पुलिस तेजी से कार्रवाई करे। साथ ही चिकित्सा संस्थानों में शिकायत निवारण की पारदर्शी प्रणाली होनी चाहिए ताकि वास्तविक लापरवाही के आरोपों की निष्पक्ष जांच भी हो सके। यहां डॉक्टरों की जवाबदेही का प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है। डॉक्टर कानून से ऊपर नहीं हैं। यदि किसी चिकित्सक की लापरवाही साबित होती है तो उसके खिलाफ निर्धारित कानूनी और पेशेवर प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन जवाबदेही और हिंसा दो अलग-अलग चीजें हैं। चिकित्सा संबंधी शिकायत का समाधान कानूनी प्रक्रिया से होना चाहिए, हाथ उठाकर नहीं। किसी डॉक्टर की गलती का आरोप लगाकर अस्पताल में भीड़ जुटाना या मारपीट करना न्याय व्यवस्था का विकल्प नहीं हो सकता। राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र की जिम्मेदारी इसलिए और बढ़ जाती है क्योंकि अस्पतालों में होने वाली हिंसा कई बार स्थानीय प्रभाव और दबाव से जुड़ जाती है। यदि प्रभावशाली लोगों को यह विश्वास हो जाए कि वे अपने पद या राजनीतिक संपर्क के बल पर किसी चिकित्सक को धमका सकते हैं और बाद में आसानी से राहत पा सकते हैं, तो कानून का भय समाप्त हो जाएगा।

# गुणवत्तापूर्ण नींद है स्वस्थ तन-मन की नींव

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद उन जरूरी जरूरतों में शामिल हो गई है, जिसकी सबसे अधिक अनदेखी की जा रही है। देर रात तक मोबाइल और सामाजिक माध्यमों का इस्तेमाल, काम का तनाव, देर से भोजन, अनियमित दिनचर्या और सुबह जल्दी उठने की मजबूरी ने प्राकृतिक नींद के चक्र को प्रभावित किया है। इसका असर केवल सुबह की थकान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि धीरे-धीरे शरीर और मन की कार्यक्षमता पर भी पड़ने लगता है। आयुर्वेद में निद्रा को केवल शरीर को आराम देने वाली अवस्था नहीं माना गया है, बल्कि इसे सुख, स्वास्थ्य, पोषण, शारीरिक शक्ति और मानसिक क्षमता से जोड़ा गया है। पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद से शरीर को आराम मिलता है, ऊर्जा बनी रहती है, मन प्रसन्न रहता है और कार्यक्षमता बेहतर होती है। वहीं नींद की कमी व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर कर सकती है। इसलिए नींद को आलस्य या समय की बर्बादी समझना उचित नहीं है। स्वस्थ रहने के लिए केवल अधिक सोना जरूरी नहीं, बल्कि सही समय पर और शरीर की आवश्यकता के अनुरूप सोना महत्वपूर्ण है। आयुर्वेद असमय सोने, आवश्यकता से अधिक सोने और पर्याप्त नींद न लेने, तीनों को स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं मानता। सोने और जागने का समय यथासंभव नियमित रखना चाहिए। रात में लगातार जागने से शरीर की प्राकृतिक लय प्रभावित हो सकती है। इससे थकान, बेचैनी, सिर भारी रहने, एकाग्रता में कमी और पाचन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। डिजिटल जीवनशैली ने समस्या को और बढ़ा दिया है। शरीर आराम करना चाहता है, लेकिन मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरणों के कारण मस्तिष्क लगातार सक्रिय बना रहता है। इससे नींद की अवधि के साथ उसकी गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। दिन में सोना हर परिस्थिति में गलत नहीं माना गया है। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में थोड़े समय का दिन का विश्राम लाभकारी हो सकता है। अत्यधिक शारीरिक या मानसिक श्रम करने वाले लोगों, लंबी यात्रा से थके व्यक्तियों, बुजुर्गों, बच्चों और दुर्बल लोगों के लिए भी आवश्यकता के अनुसार दिन में अल्प विश्राम उपयोगी हो सकता है। हालांकि सामान्य परिस्थितियों में दिन में लंबे समय तक सोने से बचना चाहिए। अधिक देर तक दिन में सोने से शरीर में भारीपन और सुस्ती बढ़ सकती है। इसलिए यदि दिन में नींद की आवश्यकता महसूस हो तो उसे लंबे समय तक सोने के बजाय सीमित विश्राम तक रखना बेहतर है। देर रात तक जागना, रात में देर से भोजन करना और भोजन के तुरंत बाद सो जाना शरीर की सामान्य जैविक लय को प्रभावित कर सकता है। इससे भारीपन, सिरदर्द, सुस्ती और पाचन संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। स्वस्थ नींद के लिए केवल सोने का समय ही नहीं, बल्कि भोजन और पूरी दिनचर्या का समय भी नियमित होना जरूरी है। पर्याप्त नींद न मिलने पर शरीर में दर्द और थकान, सिर में भारीपन, बार-बार जम्हाई, मानसिक सुस्ती, कमजोरी, चक्कर और पाचन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। इसका एक बड़ा कारण काम और निजी जीवन के बीच संतुलन की कमी भी है। कई लोग कार्यालय का काम खत्म होने के बाद भी मोबाइल और कंप्यूटर से जुड़े रहते हैं। शरीर बिस्तर पर पहुंच जाता है, लेकिन दिमाग काम और चिंताओं से मुक्त नहीं हो पाता। ऐसे में अच्छी नींद के लिए शारीरिक आराम के साथ मानसिक विश्राम भी आवश्यक है। अच्छी नींद केवल शारीरिक थकान से नहीं आती। मानसिक संतोष, प्रसन्नता और मन की शांति भी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। आधुनिक जीवन में सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन तनाव, प्रतिस्पर्धा, भविष्य की चिंता और लगातार डिजिटल गतिविधियों ने मन को अधिक व्यस्त कर दिया है। इसलिए सोने से पहले मन को भी आराम देना जरूरी है। अनावश्यक तनाव से दूरी, शांत वातावरण और नियमित दिनचर्या अच्छी नींद के लिए सहायक हो सकती है। नियमित समय पर सोना और जागना, दिन में पर्याप्त शारीरिक गतिविधि करना, रात में देर तक मोबाइल का इस्तेमाल न करना, सोने से पहले भारी भोजन से बचना, दिन में आवश्यकता से अधिक न सोना और तनाव को कम करने का प्रयास करना नींद को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। अच्छी नींद अगले दिन की ऊर्जा लौटाने का माध्यम मात्र नहीं है। यह शरीर और मन के संतुलन तथा दीर्घकालीन स्वास्थ्य की आधारशिला है। इसलिए व्यस्त जीवन में नींद के लिए पर्याप्त समय निकालना स्वस्थ जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

**मेष**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा और मन मुताबिक काम पूरे हो सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को मेहनत का लाभ मिलेगा, वहीं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को ग्राहकों से फायदा हो सकता है।

**वृषभ**-मेहनत और लगन से अधूरे काम पूरे होंगे और मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है, जबकि दाम्पत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**मिथुन**-आज कारोबार में बिक्री बढ़ने और नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। घर खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए दिन अच्छा है, लेकिन दूसरों के मामलों में अनावश्यक सलाह देने से बचें।

**कर्क**-कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए किसी बड़े व्यापारी के साथ महत्वपूर्ण सौदा तय हो सकता है। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी, वहीं प्रेम संबंधों के लिए भी दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**-आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा और करियर को नई दिशा मिल सकती है। पर्यटन और होटल प्रबंधन से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलेंगे, जबकि राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कन्या**-कार्यस्थल पर आपकी मेहनत की सराहना होगी और आर्थिक लाभ के अवसर बन सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन अनुकूल रहेगा, वहीं प्रेम संबंधों में भी मधुरता बनी रहेगी।

**तुला**-आज कार्यक्षेत्र में भागदौड़ रहेगी, लेकिन मेहनत का लाभ मिलने की संभावना है। संपत्ति से जुड़े कारोबार में फायदा हो सकता है और नए लोगों से जुड़कर भविष्य में मदद मिल सकती है।

**वृश्चिक**-आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और कारोबार में नए अवसर सामने आ सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा और अविवाहित लोगों के लिए विवाह से जुड़े अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं।

**धनु**-आज आपका ध्यान रचनात्मक कार्यों की ओर रहेगा और नए लोगों से मुलाकात भविष्य में लाभ दे सकती है। जरूरी काम करते समय एकाग्रता बनाए रखें, वहीं जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन दूर हो सकती है।

**मकर**-आज मित्रों और अनुभवी लोगों की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। पढ़ाई में छात्रों का मन लगेगा और आर्थिक मामलों में भी लाभ के अवसर बनेंगे, जबकि दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

**कुम्भ**-आज काम पर ध्यान केंद्रित करने से सफलता मिलेगी। मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों को इंटर्नशिप का अवसर मिल सकता है, वहीं संपत्ति और अभिनय से जुड़े लोगों के लिए भी दिन लाभकारी रहेगा।

**मीन**-आज समाज में आपके काम की सराहना होगी और लोगों पर आपका प्रभाव बढ़ेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा और धार्मिक यात्रा का अवसर बन सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का किया शुभारंभ, 3.5 लाख से अधिक कर्मियों को मिलेगा लाभ

**सीएम ने राजधानी से सिंगल क्लिक के साथ आउटसोर्स सेवा निगम पोर्टल, वेबसाइट और लोगो का किया अनावरण**

**आउटसोर्स कर्मियों के व्यापक कल्याण के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ साइन किया एमओयू**

## सेवा निगम से कर्मियों को एजेन्सियों के शोषण से मिलेगी मुक्ति, बढ़े हुए मानदेय के साथ ईपीएफ, ईएसआईसी और दुर्घटना बीमा का मिलेगा लाभ

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

प्रदेश में लंबे समय से चली आ रही आउटसोर्स सेवा निगम के गठन की मांग को आज सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने राजधानी से हरी झण्डी दे दी है, उन्होंने लखनऊ स्थित लोकभवन से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया और सिंगल क्लिक के साथ आउटसोर्स सेवा निगम UPCOS पोर्टल एवं वेबसाइट तथा निगम के लोगो का अनावरण किया। साथ ही खाताधारक आउटसोर्स कर्मियों के व्यापक कल्याण के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू साइन किया।

सरकार के इस एतिहासिक फैसले से विभिन्न विभागों के कार्यरत 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा के साथ ही उनकी सेवा भी सुरक्षित होगी। पूर्व में आउटसोर्सिंग एजेन्सियों के मनमाने रवैये से इन कर्मचारियों का शोषण होता था और अनियमित वेतन तथा नियुक्तियों में भ्रष्टाचार की संभावना भी होती थी, इन सभी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक विशेष कार्ययोजना के तहत आउटसोर्स सेवा निगम के गठन का एतिहासिक निर्णय लिया और अपने वादे के अनुसार प्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों को आज निगम की सौगात दे दी। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और सभी ने सरकार को धन्यवाद दिया।

लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ललितपुर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया, इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनाली जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। संजीव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ करते हुए आउटसोर्स कर्मचारियों को बढ़े हुए मानदेय के चेक प्रदान किये, जिसके क्रम में ललितपुर कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधिगणों द्वारा भी आउटसोर्स कर्मियों को चेक प्रदान किये गए। चेक पाकर कर्मचारियों ने अपनी खुशी जाहिर की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विकास पुरुष बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के विभिन्न प्रशासनिक विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को शासन द्वारा न्यूनतम पारिश्रमिक सुनिश्चित कराने के साथ ही नियम संगत कटौतियों एवं अन्य सेवा शर्तों का लाभ प्रदान कराने के उद्देश्य से आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किया गया है, जिसमें अब आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय में वृद्धि के साथ उन्हें दुर्घटना बीमा का लाभ भी दिया जाएगा। साथ ही उन्हें प्राईवेट एजेन्सियों के शोषण से मुक्ति भी मिलेगी। उन्होंने प्रदेश के 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि पहले नियुक्तियों में प्रदेश के युवाओं का शोषण होता था, उनसे अवैध धन वसूला जाता था, वेतन भी समय पर नहीं दिया जाता था और बिना किसी जानकारी के उनकी सेवा समाप्त कर दी जाती थी। इन सब परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस निगम का गठन किया गया है, जिससे इन कर्मियों व उनके परिवारों को आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा के साथ ही सेवा की सुरक्षा की गारंटी भी मिलेगी, क्योंकि सरकार और कर्मचारी का रिश्ता मात्र वेतन का नहीं होता बल्कि विश्वास का होता है, इसलिए इन कर्मचारियों और इनके परिवारों की हितों की रक्षा करना उत्त प्रदेश सरकार का काम है और यह काम हम दृढ़संकल्प के साथ पूरा भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि निगम के गठन से आउटसोर्स कर्मियों और उनके परिवारों को 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा, मातृत्व अवकाश, 20 से 50 लाख तक का दुर्घटना बीमा सहित अग्निकार्ड, आकस्मिक सेवा, व बच्चों के लिए शिक्षा सहायता भी उपलब्ध करायी जाएगी। इसके साथ ही कर्मियों को प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच सीधे उनके बैंक खाते में पारिश्रमिक का समयबद्ध भुगतान किया, कर्मचारियों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा का पूरा लाभ और निर्धारित अंशदान सुनिश्चित किया जाएगा, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और जेम के माध्यम से पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया होगी, जिससे निजी एजेंसियों द्वारा होने वाले शोषण पर लगाम लगेगी। पूरी प्रक्रिया में सरकारी आरक्षण नियमों, महिलाओं और पूर्व सैनिकों के लिए राज्य की आरक्षण नीतियों को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। नई एजेंसी या वेंडर बदलने पर भी वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों की नौकरी पर कोई असर नहीं पड़ेगा और रोजगार बना रहेगा। डिजिटल सेवा रिकॉर्ड के रूप में वेतन स्लिप, उपस्थिति, अनुमन्य कटौती और नियुक्ति पत्र की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही शिकायत निवारण प्रणाली के अंतर्गत वेतन में देरी या अन्य समस्याओं के समाधान के लिए डेडीकेटिड ऑनलाइन हेल्पडेस्क और शिकायत निवारण सुविधा भी मिलेगी। यदि कोई भी एजेन्सी आउटसोर्स कर्मचारियों का किसी भी स्तर पर शोषण करने का प्रयास करेगी तो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करते हुए उसे ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। मुख्यमंत्री के उद्बोधन के बाद ललितपुर कलैक्ट्रेट में सदर विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज सभी आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ा दिन है, क्योंकि उन्हें दीवाली के पूर्व सरकार ने इतना बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि आप सभी को यह याद रखना है कि यह उपहार आपको किसने दिया है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री हम सभी के अभिभावक हैं यह आज के इस निर्णय से सिद्ध हो गया है। अंत में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने सभी का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रेल पटरी पर दो भागों में मिले अधेड़ के शव की नहीं हो सकी पहचान

ललितपुर। स्थानीय रेलवे स्टेशन की अप रेल लाइन पर स्थित रेलवे माल गोदाम के पास मंगलवार की सुबह करीब 11:30 बजे किसी अज्ञात अधेड़ का शव रेल पटरी पर दो हिस्सों में लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ मिला था, जिसकी 24 घंटे बीतने के बाद भी पहचान नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर जब उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से कोई ऐसी सामग्री बरामद नहीं हो सकी जिससे उसकी पहचान हो सके। बताया गया है कि यह शव रेलवे माल गोदाम यार्ड अप दिशा के खम्भा नंबर 1038/35-33 के मध्य रेलवे ट्रैक के किनारे क्षत विक्षित हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने अज्ञात शव का पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को मोर्चरी ललितपुर भेजा दिया और मृतक की पहचान करने में जुट गई है।

### दुकानदारों के विवाद में दबंग ने विपक्षी के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी धमकी

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे में रहने वाले दो दुकानदारों के बीच किसी बात को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में एक दुकानदार ने दूसरे को दबोच कर गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया है।

कस्बा बार निवासी गौरव पुत्र स्वर्गीय विनोद गुप्ता ने थाना बार पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 27 अगस्त 2026 को रात्रि करीब 9:00 बजे वह अपनी दुकान पर था। इसी दौरान इसी गांव में रहने वाला विपक्षी सुरेश कुमार पुत्र झुन्नू सेठ पुत्र स्वर्गीय सेवाराम गुप्ता आया और बेवजह ही गाली गलौज करने लगा। इस दौरान जब उसने विपक्षी की हरकत पर विरोध जताया, तो उसने लाठी डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना बार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ 131, 351(3), 352 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# टेनगा के बाद अब नदनवारा की शहजाद नदी में मगरमच्छ दिखाई देने से मचा हड़कंप

» मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीणों में मची हलचल, वीडियो वायरल

» मामले की सूचना तत्काल वन विभाग को दी

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टेनगा के कारिसा रपटा (पुल) के पास पानी में एक विशालकाय मगरमच्छ देखे जाने के बाद अब थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नंदनवारा की शहजाद नदी के पानी में भी एक विशालकाय मगरमच्छ तैरता हुआ देखा गया, जिससे इलाके में हड़कंप जैसी स्थिति रही। वहां मौजूद ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर वन विभाग से मामले में कार्यवाही की मांग उठाई। हालांकि गांव की जिम्मेदार और वन विभाग के कर्मचारियों ने आसपास के ग्रामीणों को नदी के पानी में न जाने की सलाह दी और इस मामले में जल्दी ही रेस्क्यू करने का आश्वासन दिया।

मंगलवार की सुबह सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टेनगा के कारिसा रपटा (पुल) के पास पानी में एक विशाल काय मगरमच्छ की उपस्थिति ने गांव के ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के इलाकों में हलचल पैदा कर दी थी। ग्रामीणों ने मगरमच्छ का वीडियो बनाक़र सोशल मीडिया पर वायरल कर जिला प्रशासन के साथ-साथ वन विभाग से इस मामले में ठोस कदम उठाते हुए मगरमच्छ का रेस्क्यू कर बडे जलाशय में छोड़ने की अपील की थी। यह मामला ठंडा भी नहीं हो पाया था कि बुधवार की सुबह ग्राम नंदनवारा के पास से निकली हुई शहजाद नदी के पानी में भी एक विशालकाय मगरमच्छ तैरता हुआ देखा गया जिससे नदी के आसपास मौजूद खेतों पर काम कर रहे किसानों में हड़कंप की स्थिति रही तो वहां के स्थानीय ग्रामीणों में भी डर का माहौल पैदा हो गया। यहां के भी ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर जिला प्रशासन और वन विभाग से मामले में कार्यवाही करने की मांग उठाई। यह बात जब आसपास के इलाकों और गांव में फैली तब लोगों में एक अजीब सा डर देखा गया और कुछ जिम्मेदार लोगों ने पानी और आसपास के क्षेत्र में स्थानीय ग्रामीणों से न जाने की अपील भी की। हालांकि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को जैसे ही गांव के पास स्थित नदी में मगरमच्छ होने की सूचना मिली, वैसे ही उन्होंने रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजने का दबाव किया, जो मगरमच्छ की खोजबीन में जुट गई है। हालांकि वन विभाग का कहना है कि नदी में मगरमच्छ कहीं से बहक़र र आ गया होगा और यदि वहां पर वह किसी को नुकसान पहुंचता है तो मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे बड़े जलाशय में छोड़ दिया जाएगा।

**इनका कहना है :**

डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य का कहना है कि इन दोनों बरसात होने के कारण नदियों में जलस्तर काफी रहता है और नदियों में मगरमच्छ रहते हैं। हो सकता है इस नदी में भी मगरमच्छ कहीं से भाकर आ गया हो। यदि कहीं से सूचना मिलती है कि तालाब में या कहीं और आबादी के आसपास के क्षेत्र में मगरमच्छ विचरण कर रहा है, तो वहां पर रेस्क्यू टीम भेजी जाएगी। फिलहाल वन विभाग की टीम सभी जगह नजर बनाए हुए हैं और लोगों को एहतियात बरतते हुए किसी भी जलाशय के पास न जाने की सलाह दी गई है।

# पत्नी सहित तमाम ससुरालियों पर लगाया नगदी लेकर न लौटने और लड़ाई झगड़ा कर धमकी देने का आरोप

## न्यायालय के आदेश पर पत्नी ससुर साडू सहित आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रनगाँव में रहने वाले एक ग्रामीण ने अपनी पत्नी ससुर साडू सहित आठ बिपक्षियों पर अमानत में खयानत करने का आरोप लगाकर न्यायालय के आदेश पर सभी पर मामला दर्ज कराया। आरोप है कि सभी ने एक राय होकर उससे पैसा ले लिया और मांगने पर गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

ग्राम रनगाँव निवासी हरपाल पुत्र रामदास कुशवाह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि करीब 12 साल पूर्व उसका बिबाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार श्रीमती कस्तूरी पुत्री हरदास कुशवाहा ग्राम खटोरा तहसील महरौनी के साथ हुई थी। इसके इसके बाद जब उसकी पत्नी घर आई तो उसका व्यवहार उसके और उसके परिजनों के प्रति अच्छा नहीं रहा, वह बात-बात पर उसकी और उसकी परिजनों के साथ लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा रहती थी। इसके साथ ही उसके मायके पक्ष का भी उसके परिवार में हस्तक्षेप हो रहा था। इतना ही नहीं उसकी पत्नी अपने मायके वालों को बुलाकर उसकी गाड़ी मेहनत की कमाई का पैसा दे देती थी उसने अपनी पत्नी को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन उसकी पत्नी कस्तूरी द्वारा उसकी एक बात नहीं सुनी गई। इस समयावधि के दौरान उसके दो पुत्र भी हुए। बताया गया है कि इस समय अवधि के दौरान उसकी पत्नी कस्तूरी उसके पिता और साधु अरविंद द्वारा उसे करीब 4 लाख 30000 रुपए उधारी के रूप में लिया गया था जो वह वापस नहीं कर रहे थे जब उसने दिनांक 16 जून 2026 को अपना पैसा वापस मांगा तब रात्रि करीब 11:30 बजे विपक्षी हरिदास पुत्र मोती स्वामी पुत्र हरिदास जनक पत्नी हर दास आदि एक राय होकर उसके घर आए और अरविंद पुत्र संतोष सावित्री पत्नी अरविंद संतोष श्रीमती बबली पत्नी स्वामी निवासी ग्राम इकौना थाना विरार आदि ने एक राय होकर इस और उसकी परिजनों के साथ जमकर गाली-गलौज कर मार्केट की और जान से मारने की धमकी देकर घर में रखी हुई उसकी मां के जेवरात और रंग दे लेकर रफू चक्कर हो गए। न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेकर प्रस्तुत किए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ 115(2), 191(1), 316(2), 351(3), 352 धाराओं में मामला पंजीकृत करने का आदेश थाना मडावरा पुलिस को दिया। मड़ावरा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामले को सुसंगत धाराओं में पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते स्वशासी मेडिकल कॉलेज का इमरजेंसी वार्ड रात्रि में आधे घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा

» विद्युत कटौती के दौरान जनरेटर नहीं चलाये जाने से वार्ड में मरीज तड़फते आये नजर

» इलाज कराने आए एक युवक ने अंधेरे में मरीजों के चिल्लाने का वीडियो किया वायरल

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिम्मेदारों की उदासीनता मेडिकल कॉलेज के मरीजों की जान पर भारी पड़ती नजर आ रही है, जबकि जनपद में शासन के निर्देश पर उच्चीकृत मेडिकल कॉलेज संचालित हो चुका है। लेकिन यहां के इमरजेंसी वार्ड के हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं। बताया गया है कि विद्युत कटौती के दौरान यहां पर जनरेटर नहीं चलाया जाता, जिस कारण यहां रात्रि में मरीज अंधेरे में चीखते चिल्लाते नजर आते हैं और यहां पर तैनात मेडिकल स्टाफ मोबाइल टॉर्च की रोशनी में उनका इलाज करने पर आमद रहते हैं। ऐसे ही एक मामले को लेकर जब एक मरीज अपना इलाज करने के लिए आया, तो मेडिकल कॉलेज में विद्युत कटौती के दौरान अंधेरा पसरा रहा और मेरी चिल्ला रहे थे, जिसका उसने वीडियो बनाया और अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगाते हुए वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है और जिम्मेदारों की उदासीनता भी बयां कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही जनपद वासियों को अच्छी गुणवत्ता की मेडिकल सुविधाओं से लैस करने के लिए स्वशासी मेडिकल कॉलेज की सौगात दे दी हो, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यहां पर मरीजों को अच्छी गुणवत्ता की मेडिकल सुविधा नहीं मिल पा रही हैं। जिसका सबसे बड़ा कारण यह है कि मेडिकल कॉलेज में जिम्मेदारों की अधीन स्तर पर कोई कमान नहीं है जिस कारण वह उनकी बात ही नहीं सुनते। सबसे ज्यादा हालत तो मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड के खराब हैं जहां सुविधाओं का अभाव है और अश्वगंधाओं के बीच मरीज को अपना इलाज करने आना पड़ता है। बताया गया है कि मंगलबार की देर शाम करीब 8 बजे इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई तो मेडिकल कॉलेज का इमरजेंसी वार्ड भी अंधेरे में डूब गया, जो करीब आधे घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा। क्योंकि विद्युत कटौती के दौरान यहां जनरेटर नहीं चलाये जाने से इमरजेंसी वार्ड में मरीज तड़फते नजर आये। अंधेरे में मेडिकल स्टाफ मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज करने पर आमादा थी तो मरीज अंधेरे में चिल्ला रहे थे इसी दौरान कोई एक व्यक्ति यहां पर अपने किसी परिवार के सदस्य का इलाज कराने आया जिसने यहां की ऐसी खस्ता हालत देखी तो उसने यहां का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जो लगातार वायरल हो रहा है और जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा गया कि इस अंधेरे इमरजेंसी वार्ड में सिर्फ बैटरी बाले जांच उपकरण ही चलते नजर आये और मरीज डॉक्टरों के हाथों में मोबाइल टार्च जलती नजर आई। अब इस मामले में देखने वाली बात यह होगी, कि जब मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड की अव्यवस्थाओं का वीडियो वायरल हुआ है, तो जिम्मेदार इस मामले में क्या कार्यवाही करते हैं।

# एम्बुलेंस से बकरी चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा, चार गिरफ्तार

» पुलिस ने 10 बकरी-बकरे और वारदात में प्रयुक्त निजी एम्बुलेंस बरामद की

» पूछताछ में रैकी कर चोरी करने की बात कबूली

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

बकरी-बकरों की चोरी करने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 10 बकरी-बकरे तथा वारदात में प्रयुक्त एक निजी एम्बुलेंस बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। यह कार्वाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस ने थाना महरौनी में पंजीकृत मु.अ.सं. 940/2026, धारा 305, 317(2), 331(4) बीएनएस में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कसाई मण्डी हाल सदनशाह नई तहसील के पीछे निवासी जुनैद पुत्र बबलू कुरैशी, कसाई मंडी झांसी निवासी रिजवान पुत्र साकिर कुरैशी, महानगर झांसी के थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम मुढ़ौरा निवासी आकाश पुत्र भगवानदास तथा कसाई मंडी मस्जिद के पास निवासी जाहिद पुत्र जावेद कुरैशी उर्फ डैनी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक आजाद चौक नदीपुरा निवासी तौसीक रजा पुत्र मोहम्मद इरशाद ने 31 अगस्त 2026 को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसके बाड़े में बंधी बकरी-बकरों को चोरी कर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान प्रकाश में आए चार वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से कुल 10 बकरी-बकरे और घटना में इस्तेमाल की गई निजी एम्बुलेंस बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि उनका एक गिरोह है। वह अलग-अलग स्थानों पर घूमकर पहले जानवरों की रैकी करते थे और मौका मिलने पर उन्हें चोरी कर लेते थे। इसके बाद चोरी किए गए जानवरों को बेचकर प्राप्त रकम आपस में बांट लेते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 30 अगस्त की रात नई तहसील के पीछे बंधे बकरी-बकरों को निजी एम्बुलेंस में भरकर चोरी किया था। आरोपियों के अनुसार एम्बुलेंस का इस्तेमाल इसलिए करते थे ताकि किसी को उन पर शक न हो।

## दिदोनिया पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने खड़ी बाइक को मारी टक्कर, सबार बाल-बाल बचा

ललितपुर। थाना मदनपुर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित करने सड़क किनारे खड़ी हुई एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक तो क्षतिग्रस्त हुई है, इसके साथ ही कर भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही की बाइक सवार बाल बाल बच गए, तो कार सवारों को भी मामूली चोट आई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दिखाई दे रहा है कि एक मोटरसाइकिल चालक अपनी बाइक को सड़क किनारे खड़े हुए किसी से बात कर रहा है। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार आई और बाइक को टक्कर मारती हुई दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। जानकारी करने पर पता चला कि यह सड़क हादसा थाना मदनपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दिदोनिया के पास स्थित पेट्रोल पंप का है, जहां के सीसीटीवी में यह घटना कैद हुई और बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुई। सीसीटीवी में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसे सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी।हालांकि इस मामले में यह जानकारी नहीं हो सकी की बाइक सवार कहां के थे, लेकिन यह जानकारी हो गई कि यह तेज रफ्तार कार थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रनगांव में रहने वाले किसी ग्रामीण की थी। इस सड़क हादसे में बाइक सवार तो बाल बाल बच गया, लेकिन कर सवार मामूली रूप से छोटे हुए।

## मां को रेलवे स्टेशन छोड़ने गए युवक की चार दिन पूर्व मुख्य द्वार से चोरी हुई गाड़ी कब तक नहीं चला पता

**घटना सीसीटीवी में हुई थी कैद**

ललितपुर। करीब चार दिन पूर्व अपनी मां को रेलवे स्टेशन छोड़ने गए एक युवक की मोटरसाइकिल को रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार से अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था, जिसका तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी और पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग उठाई थी।

मिली जानकारी के अनुसार शहर की मोहल्ला चौबियाना निवासी शिवम पुत्र विश्वनाथ अपनी मां को रेलवे स्टेशन छोड़ने 31 अगस्त 2026 को सुबह 06:30 गया हुआ था। बताया गया है कि उसने अपनी बाइक को रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास खड़ी कर दी और मां को छोड़ने रेलवे स्टेशन के अंदर चला गया। जब वह मां को छोड़कर 7:00 बजे वापस लौट कर आया, तो उसकी बाइक यूपी 94 एडी 0370 वहां नहीं मिली, जहां उसने खड़ी की थी। इस दौरान उसने अपनी बाइक को सभी जगह ढूंढा, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। जब वहां लगे सीसीटीवी की जांच पड़ताल की गई, तो उसमें देखा गया कि एक युवक आकर बाइक पर बैठा और उसे स्टार्ट कर लेकर रफू चक्कर हो गया, जिससे अनुमान लगाया गया कि युवक की बाइक रेलवे स्टेशन से चोरी हुई है। हालांकि इस मामले को लेकर पीड़ित ने जीआरपी को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्यवाही की मांग उठाई। जीआरपी सीसीटीवी फुटेज और दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर बाइक चोर को तलाश में जुट गई है। लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी बाइक चोर का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस का दावा है कि वह जल्दी ही बाइक चोर को पकड़ने में सफल होगी।

## युवती को मोहल्ले में दबोच कर गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला तालाबपुरा में दबँग ने युबती के साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

तलाबापुरा निवासी शिवानी पुत्री विजय कुमार शर्मा ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 1 सितंबर 2026 को रात्रि करीब 9:00 बजे वह अपने मोहल्ले में थी। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाला ऋषि साहू पुत्र रामस्वरूप वहां आ धमका और उसके साथ अभद्रता करते हुए जमकर गाली गलौज की। इस दौरान जब उसने विपक्षी की इस हरकत पर विरोध, जताया, तो दबंग ने उसके साथ मारपीट की और चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर जब उसका पिता उसे बचाने आया, तो विपक्षी जान से मारने की धमकी देकर वहां से रफु चक्कर हो गया। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ 115(2), 126(2), 351(3), 352, 74 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# अज्ञात कारणों के चलते शराबी दामाद ने ससुराल में फांसी लगाकर दी जान,शव भेजा पोस्टमार्टम हाउस

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिद्दन आईटीआई के पास स्थित काशीराम कॉलोनी अपनी ससुराल में रहने वाले शराबी दामाद ने कमरे में लगे पंखे पर तौलिया का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस में मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। दामाद द्वारा की गई आत्महत्या का कारण अज्ञात बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार समीपवर्ती मध्य प्रदेश के जनपद अशोकनगर अंतर्गत थाना पिपरई के ग्राम कैनवारा निवासी 37 वर्षीय राम प्रसाद पुत्र तुलाराम पिछले काफी समय से अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ अपनी ससुराल शहर के सिद्धन रोड पर स्थित आईटीआई की काशीराम कॉलोनी में अपने साले और अन्य ससुराली जनों के साथ निवास करता था और यहीं पर मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बताया गया है कि रामप्रसाद की पत्नी भी आसपास के इलाकों के घरों के बर्तन पर झाड़ू पोछा कर मजदूरी करती है और उसका बड़ा पुत्र शुभम बाहर मजदूरी करता है। बताया गया है कि मंगलवार की सुबह सभी लोग अपने-अपने काम पर निकल गए थे। इसके बाद दोपहर 2:00 बजे करीब राम प्रसाद अपने घर लौट कर आया जो काफी शराब पिए हुए था, इस दौरान उसने शराब के नशे में अपने पड़ोसियों से घर की चाबी मांगी और दूसरी मंजिल पर कमरे में चला गया तथा दरवाजे बंद कर लिए। इसके बाद जब उसका छोटा पुत्र रात्रि करीब 8:00 बजे मजदूरी के काम से वापस लौटकर घर आया तो दरवाजे बंद थे जब उसने दरवाजे में धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया और अंदर उसके पिता का शव लटका हुआ मिला। जिसके बाद उसने चिल्लाकर आसपास के लोगों को पर अपने परिजनों को बुलाया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजणों ने शराब के नशे में उसके द्वारा आत्महत्या करने की बात कही है लेकिन इसके बारे में कुछ भी नहीं बता सके, जिससे आत्महत्या का कारण अज्ञात बना हुआ है। यह जानकारी मृतक के मामिया ससुर मनोज निवासी ग्राम निवाई थाना पाली ने दी।

# कस्बा बांसी में तहसील तालबेहट एवं नगर इकाई बंसी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

कस्बा बांसी में जैन ढावा पर तहसील तालबेहट कार्यकारिणी एवं नगर इकाई बांसी की कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह संपन्न कराया गया इसमें जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी सरकार का मुख्य अंग है एवं सरकार व्यापारियों की सुरक्षा एवं विश्वास के लिए संकल्पित है सरकार व्यापारियों से कंधा से कंधा मिलाकर चलते हैं और नये व्यापार स्थापित कर प्रदेश का विकास के लिए तात्पर्य है एव सरकार की मंशा है, कि हर छोटे बड़े व्यापारी को व्यापार करने में स्वतंत्रता एवं सुरक्षित महसूस हो मंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंत ने कहा कि व्यापारियों के विकास समृद्धि के लिए हमारे दरवाजे 24 घंटे खुले है,व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष श्री सुरेश बढ़ेरा जी ने कहा कि व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा चाहे वह किसी रूप में हो हर व्यापारी की हक की लड़ाई जिले से लेकर लखनऊ तक लड़ी जाएगी, जिला महामंत्री शैलेंद्र जैन ने कहा कि व्यापारी शोषण क्यों है जबकि व्यापारी किसान एवं सरकार एवं सभी वर्गों में सामंजस मिलकर चलता है और अपने व्यापार के माध्यम से लोगों की हर तरह मदद करने को तैयार रहता है इस अवसर पर नवनीत किलेदार एवं कमलेश सराफ उद्योग मंच प्रदेश उपाध्यक्ष ने तालबेहट कार्यकारिणी एवं नगर कार्यकारिणी की शपथ दिलाई इस अवसर पर कुंवर हरि सिंह बुंदेला संरक्षक डॉक्टर जितेंद्र जैन तहसील अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष विशाल यादव,नीरज बड़ेरिया,अभिनव गुप्ता,कुलदीप छीपा ,कुलदीप गुप्ता,अरविंद जैन,सुचेन्द्र सेठ ,अजय जैन तहसील महामंत्री विवेक गुप्ता शरद सोनी तालबेहट, तहसील मंत्री जयपाल राजा जखौरा, सोनू चौरसिया,गुड्डे राजा बार,दीपक पाटकर रूपेश गुप्ता बार,रामपाल झा,तालबेहट एवं राघवेंद्र यादव मीडिया प्रभारी,अनिल शर्मा,नगर इकाई संरक्षक ओम सेठ, लक्ष्मी गुप्ता,बद्री मोदी,महेश सेठ उमेश शर्मा अध्यक्ष, सावन सोनी संगठन मंत्री,कोषाध्यक्ष दीपक बम्हौरी,उपाध्यक्ष मनोज जैन,सचेंद्र नामदेव,अरुण गंगेले,महेंद्र सोनी,धनीराम कोरी,विपिन सोनी, महामंत्री प्रिंस बुंदेला अनुज साहू,सौरभ साहू मंत्री पद यादवेंद्र यादव, गोविंद पाटकर, जितेंद्र गुप्ता,अशोक गोस्वामी आनंद कुशवाहा,रामकिशोर कुशबाहा,दिनेश झा ,अमित सुमन,आनंद कुशवाहा, भरत साहू,कृष्णगोपाल सोनी, मीडिया प्रभारी निमित गुप्ता,संदीप झा कार्यकारिणी अभिषेक सेठ ,रवि गुप्ता,सौरभ गुप्ता,गौरव गुप्ता,मलखान सिंह,गब्बर राजा,आशीष सेठ,रवि रजक,दिलीप सेठ,को पद एवं गोपनीयता कार्यकारिणी के रूप में एवं जिले के कोने-कोने से व्यापारी बंधु पधारे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान अपार एसपी श्री कालूराम जी ने कहा कि व्यापारियों के साथ हम कंधा से कंधा मिलाकर चलते हैं और पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार के शोषण के खिलाफ व्यापारियों की मदद करेगी हर संभव हर प्रयास में 24 घंटे पुलिस व्यापारियों के सम्मान एवं शोषण के खिलाफ तात्पर्य है,इस अवसर पर,मंगू पहलवान,विजय पहलवान,सुबोध गोस्वामी,रितेश राठौर, राहुल गुप्ता,राजू सिंधी, डॉ संजीव कड़की,रवींद्र दिवाकर,राघवेंद्र राजा,धनराज सिंह,कस्बा से पंडित शैलेंद्र चौबे, विनोद गुप्ता,भैयालाल पुलैया, वीरन प्रजापति,विजय प्रजापति,सौरभ सोनी,कपिल शर्मा संतोष सोनी,दिलीप विश्वरी,रामविहारी नीखरा,श्याम मोनू झा,पवन विश्वकर्मा,जोशी,सोनू विश्वकर्मा,आनंद बदेरिया पवन गुप्ता,राजेश झा रामसहरत गुप्त,दिए इस अवसर पर भारी संख्या में व्यापारी बंधु मौजूद रहे उसे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर जितेंद्र जैन एवं प्रदीप जैन बंटी ने किया आभार सावन सोनी ने जताया।

# पिछले कई दिणों से हो रही लगातार बारिश से नदियों के जल स्तर में बढ़ोत्तरी होने से बाँध हुए लवालव

**रोहणी जमरार व भौरट बाँध से बड़े पैमाने पर की जा रही पानी की निकासी**

**छः दिन पूर्व सुकूवा दुकुवां बांध में नहाते समय डूबे ग्रामीण का नहीं चल सका पता**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जनपद में अगस्त व सितंबर के सावन माह में पिछले करीब एक सप्ताह से लगातार बरसात हो रही है, जिसमें से यूपी एमपी के बॉर्डर पर स्थित बेतवा नदी उफान पर है, क्योंकि मध्य प्रदेश में हुई भारी बारिश के चलते बेतवा नदी के जलस्तर में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। जिस कारण जनपद के तीन बांधों बांधों से पानी की निकासी की गई है। इसके साथ ही जनपद में पिछले करीब 6 दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण छोटे नदी नाले भी उफान पर हैं। हालांकि लगातार हो रही बरसात के कारण अलर्ट जारी किया गया था और लोगों से एहतियात बरतने का भी आग्रह किया गया था। इस बरसात के कारण जनपद की नदियों पर बने बने छोटे पुल पानी में डूब गए हैं, जिस कारण आवागमन में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर लोग जान हथेली पर रखकर बहते पानी से निकल रहे हैं। जनपद में लगातार हो रही बारिश के कारण जनपद के सभी बांधों के जलस्तर में भी वृद्धि हुई है। यह भी जानकारी मिली है कि सुकूवां ढुकुंवा बांध में नहाते समय करीब एक सप्ताह पूर्व डूबे एक ग्रामीण की काफी तलाशी के बाद भी जानकारी नहीं मिल सकी, जबकि उसे ढूढ़ने के लिए बाहर से टीम भी बुलाई गई है।

अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में और सितंबर माह की शरूआत होते ही आसमान में काली घटाएं छाई और लगातार बारिश हो रही है, हालांकि पिछले करीब एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के कारण जनपद के हालात अब अस्त-व्यस्त नजर आ रहे हैं और खरीफ की फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जो अब खराब होने लगी है। जहां एक पर हो रही बारिश से जनपद में कई स्थानों पर नदी नाले उफान पर हैं, तो वहीं दूसरी ओर जनपद के कई बांधों से पानी की निकासी की जा रही है और निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। तीन दिन पूर्व

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमाओं का विभाजन करने वाली बेतवा नदी भी उफान पर देखी गई जिस कारण इस नदी पर बने जनपद के तीन बांधों से लगातार पानी की निकासी भी की गई, हालांकि अभी स्थिति समान है और राजघाट माताटीला बांध से पानी की निकासी बंद कर दी गई है। लेकिन बारिश के कारण रोहिणी नदी पर बने लोअर रोहिणी, बांध जमरार बांध और भौरट बांध से पानी की निकासी की जा रही है। बताया गया है कि लोअर रोहिणी बांध से 5503 क्यूसेक, जमरार बांध से 667 क्यूसेक और भौरट बाँध से 354.65 क्यूसेक पानी की निकासी की गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण जनपद के अन्य बाँध भी लगभग भर चुके हैं और उनसे कभी भी पानी की निकासी की जा सकती है इसीलिए विभागीय अधिकारियों द्वारा निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है और साधन रहने की हिदायत दी गई है।

### यह है अगस्त माह के मानक के अनुसार जनपद के बांधों का जलस्तर :

जनपद में लगातार हो रही बारिश से लगभग सभी बांधों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। क्योंकि जमीनी नदी शहजाद नदी के साथ-साथ अन्य नदियों में पानी का जलस्तर बढ़ा है, जिससे बांधों में पानी पहुंचा है। बताया गया है कि गोविंद सागर बांध वर्तमान समय में 362.68 मी भरा है, जबकि इस बांध की अधिकतम क्षमता 363.93 मीटर है, तो वहीं पर शहजाद बांध 320.90 मी भरा है जबकि इसकी अधिकतम क्षमता 321.80 मीटर है। जमीनी वाँध 402.88 मीटर भरा है, जबकि इसकी अधिकतम क्षमता 403.55 मीटर है। सजनाम बांध 371.82 मीटर भरा है, जबकि इसकी कुल क्षमता 373.20 मीटर है। रोहिणी बांध 395.30 मीटर है, जबकि इसकी कुल क्षमता 396.39 मीटर है। उटारी बांध 326.05 मीटर भरा है, जबकि इसकी भराव क्षमता 326.80 मीटर है। राजघाट बांध वर्तमान में 370.40 मीटर भरा है,जबकि इसकी भराव क्षमता 371 मीटर की है । माताटीला बांध वर्तमान समय में 306.90 मीटर भरा है जबकि इसकी भराव क्षमता 307.42 मीटर है। कचनोदा बाँध वर्तमान में 341.45 मी भरा हुआ है जबकि इसकी क्षमता 341.70 मीटर है। लोअर रोहिणी बांध 367.40 मी भरा हुआ है जबकि इसकी क्षमता 368 मीटर है। जमरार बाँध में इस समय 367.70 मीटर भरा है, जबकि इसकी क्षमता 368 मीटर की है। भावनी बाँध 311.00 मीटर भरा है, जबकि इसकी क्षमता 312.38 मीटर है। बंडई बाँध 402.40 मी भरा है, जबकि इसकी क्षमता 403.50 मीटर है। इसके साथ ही भौरट बाँध भी 354.65 मी भरा है जबकि इसकी अगस्त माह में क्षमता 360.90 मीटर है।

# इंडिया हैरिटेज क्विज में एसडीएस इंटर कॉलेज ने मारी बाजी

**10 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

इन्टैक ललितपुर चैप्टर के तत्वावधान में जीजीआईसी में इंडिया हैरिटेज क्विज-2026 के सिटी राउंड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 10 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर भारतीय इतिहास, संस्कृति और स्थानीय विरासत से जुड़े सवालों का जवाब देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में लिखित एवं मौखिक चरण आयोजित किए गए। प्रतिभागियों से कुल 20 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 12 प्रश्न राष्ट्रीय इतिहास, पांच स्थानीय इतिहास और तीन प्रश्न इन्टैक से संबंधित रहे। लिखित चरण के बाद शीर्ष चार टीमों के बीच रोमांचक मौखिक राउंड कराया गया। प्रतियोगिता में एसडीएस इंटर कॉलेज के आर्यन मिश्रा और अक्षय मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की वैष्णवी यादव और आन्या खरे ने द्वितीय तथा इसी विद्यालय के अंशी चौधरी और यशवीर सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को अब लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। प्रदेश स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाली टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिल्ली में प्रतिभाग करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, मॉर्डन पब्लिक स्कूल, एवीएम इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, जीआईसी, पीएन इंटर कॉलेज, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, एसडीएस इंटर कॉलेज, श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज और रावर कन्या इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि इन्टैक द्वारा विरासतों के संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों से ललितपुर की ऐतिहासिक धरोहरों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ललितपुर पर्यटन का प्रमुख हब बन सकता है। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य किरन वर्मा ने कहा कि ललितपुर और बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को अपनी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोडन्ना समय की आवश्यकता है। इन्टैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि क्विज का उद्देश्य युवाओं में प्राचीन संस्कृति, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों और गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा करना है। प्रसिद्ध कलाविद ओपी बिरथरे ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं में बुंदेली वैभव, कला और संस्कारों को जानने की रुचि बढ़ती है। इस दौरान प्रेरणा शर्मा, शिवानी सक्सेना, नूपुर श्रीवास्तव, वंदना, करुणेश, स्वाती, नेहा, प्रसून सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, सैयदा अजीजा फातिमा, ऋचा सक्सेना, ऋचा सिंह, सपना, नेहा गोस्वामी, हरीसिंह, पूनम विश्वकर्मा, सुनील कुमार राय, बाहुबली जैन, सुनील कुमार जोशी और संदीप साहू का विशेष सहयोग रहा। अंत में इन्टैक के सहसंयोजक रजनीश चडढा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा मंडल बार की कामकाजी बैठक सम्पन्न, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात | बार

ब्लॉक बार सामुदायिक भवन सभागार में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल बार की कामकाजी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवी सिंह बुंदेला ने की। बैठक का शुभारंभ मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि एवं मंडल प्रभारी बार मनीष सड़इया, जिला कोषाध्यक्ष ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की। इस दौरान 3 एवं 4 सितंबर 2026 को बूथ समितियों की बैठक आयोजित करने तथा प्रत्येक बूथ समिति से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मंडल में निवास करने वाली प्रमुख जातियों की अनुमानित संख्या एवं उनके मतदाताओं की सूची तैयार कर जिला संयोजक के माध्यम से प्रदेश स्तर पर भेजने के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही प्रमुख जातियों से जुड़े पक्ष एवं विपक्ष के प्रमुख नेताओं के नाम, मोबाइल नंबर एवं संबंधित दल की सूची तैयार कर जिला स्तर पर भेजने को कहा गया। इसके अलावा मंडल प्रवास योजना की रिपोर्टिंग एवं सत्यापन, डिजिटल एवं सामान्य रिपोर्ट तैयार करने तथा संगठन द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर चर्चा हुई। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह बुंदेला, मंडल महामंत्री राहुल मिश्रा, रामपाल सिंह लोधी, संग्राम सिंह लोधी, रामलाल कुशवाहा, रोहित गुप्ता, वीर सिंह लोधी, कोषाध्यक्ष सोंटी सेठ, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकुमार रिछारिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण बरसैंया, मंडल मंत्री कैलाश नारायण चौबे, मुकेश साहू, राहुल राजा, केपी राजा, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल यादव, महामंत्री गौरव दुबे सहित सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, प्रवासी, पालक, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन एवं आभार मंडल उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने व्यक्त किया। अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### तमिलनाडु एक्सप्रेस में यात्री का पिट्टू बैग चोरी

**सीट के नीचे रखा था बैग, ललितपुर के पास नींद खुलने पर गायब मिला**

**जीआरपी ललितपुर ने दर्ज किया मुकदमा**

**ललितपुर।** ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। नई दिल्ली से नागपुर जा रहे एक यात्री का पिट्टू बैग तमिलनाडु एक्सप्रेस में सीट के नीचे से चोरी हो गया। बैग में जरूरी दस्तावेजों के साथ कपड़े और अन्य सामान रखा था। ललितपुर जीआरपी ने यात्री की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नागपुर निवासी आदित्य पुत्र गजानंद आडे छह अगस्त 2026 को नई दिल्ली से तमिलनाडु एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12622) से नागपुर के लिए रवाना हुए थे। वह ट्रेन के कोच एस-5 की बर्थ संख्या चार पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रात में खाना खाने के बाद उन्होंने अपना काले रंग का ब्रोगन कंपनी का पिट्टू बैग सीट के नीचे रख दिया और सो गए। यात्री के मुताबिक, सुबह करीब चार बजे उनकी नींद खुली। उस समय ट्रेन ललितपुर स्टेशन के आसपास थी। उन्होंने सीट के नीचे देखा तो बैग गायब था। उन्होंने ट्रेन के कोच में बैग की काफी तलाश की और आसपास के यात्रियों से भी पूछताछ की, लेकिन बैग का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत जीआरपी से की। चोरी हुए बैग में आधार कार्ड, पैन कार्ड, चार्जर, तीन जोड़े नए कपड़े, पावर बैंक, छतरी समेत अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 7,000 रुपये बताई गई है। यात्री की शिकायत के आधार पर जीआरपी थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जीआरपी पुलिस ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने यात्रियों से भी यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील की है।

# वाल्मीकि मलिन बस्ती में पुरानी जर्जर पेयजल लाइन से समस्या, कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

नगर पालिका के वार्ड नं. 05, जेल चौराहा, दुर्गा मंदिर के पास स्थित वाल्मीकि मलिन बस्ती में वर्षों पुरानी जर्जर पेयजल लाइन और गंदे नाले की समस्या ने स्थानीय निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

वाल्मीकि समाज के बस्तीवासियों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी बस्ती के पास से गुजरने वाले पुराने नाले के अंदर बिछाई गई पेयजल पाइप लाइनों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। इन पाइप लाइनों में जगह-जगह लीकेज हो रहा है और दूषित पानी घरों में पहुंच रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। बस्ती के निवासियों का कहना है कि, 'हम गरीब परिवार हैं और मजबूर हैं कि गंदे पानी को ही पीते हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियां फैल रही हैं।'

वर्षों से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए, शासन की 'हर घर नल - हर घर जल' योजना के तहत पूरे शहर में नई पाइप लाइन बिछाई जा रही है, लेकिन मलिन बस्ती अभी भी इस योजना से वंचित है। बस्ती वासियों ने जिला प्रशासन से तुरंत कदम उठाने की मांग की है, जिनमें शामिल हैं: जर्जर लाइन को तुरंत बंद कर, नई और स्वच्छ जल आपूर्ति हेतु सुरक्षित स्थान से नई पाइप लाइन बिछाई जाए। प्रशासन से जल्द ही कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। यह समस्या न सिर्फ जल की गुणवत्ता का सवाल है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे को भी उजागर करती है। इस मौके पर कुंजबिहारी बावरा, आदर्श करोसिया, सनी बावरा, विनीत बाबा, प्रियंक करोसिया, देव नरया, प्रवीण करोसिया, हीरो, कुनाल घावरी व समस्त बस्तीवासी उपस्थित रहे।

# 41 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए सहायक अभियंता संदीप तिवारी

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

विकास भवन सभागार में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के सहायक अभियंता संदीप तिवारी के 41 वर्षों की उत्कृष्ट, समर्पित एवं सराहनीय शासकीय सेवा पूर्ण होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने करते हुए कहा कि संदीप तिवारी ने अपने सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्यकाल के दौरान विकास परिवार तकनीकी मामलों को लेकर निश्चित रहा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा से निवृत्ति है, सामाजिक दायित्वों से नहीं। जिला विकास अधिकारी/पीडी डीआरडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि सहायक अभियंता संदीप तिवारी को प्रशासन की ओर से जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई, उन्होंने उसे पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से निभाया। प्रभारी मंत्री अथवा नोडल अधिकारी के भ्रमण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में उनका योगदान सराहनीय रहा। उपायुक्त रमेश कुमार यादव ने कहा कि शासकीय सेवा में किसी अधिकारी या कर्मचारी की विनम्रता, समयबद्धता और ईमानदारी ही उसकी सबसे बड़ी पहचान होती है। ये सभी गुण संदीप तिवारी के कार्य व्यवहार में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। सेवानिवृत्त सहायक अभियंता संदीप तिवारी ने कहा कि लंबे सेवाकाल के दौरान उन्हें अधिकारियों, सहकर्मियों और अधीनस्थ कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संदीप तिवारी को प्रतीक चिह्न, शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। इस दौरान अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग स्वर्ण सिंह, सहायक अभियंता सुनील कुमार त्रिपाठी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई पवन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, पर्यावरण प्रेमी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्य, सुशील चौबे, विजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार अवस्थी, अजय तिवारी नीलू, जयेश बादल, अमित लखेरा, सौरभ गोस्वामी, प्रमोद गोस्वामी, उमेश कुमार, महेश कुमार जोशी, आशीष दूरवार, पॉयलेट गौरव, डा.मोहित तिवारी, रिद्धि तिवारी सहित उनके परिजन एवं विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# भीम आर्मी नेप्रांत में जमीन विवाद को लेकर ज्ञापन सौंपा, निष्पक्ष जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

महरौनी क्षेत्र के ग्राम पठा विजयपुरा में एक बार फिर जमीन को लेकर विवाद गर्म हो गया है। यहाँ कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा कुशवाहा समाज के लोगों की जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। इस घटना को देखते हुए, भीम आर्मी के वरिष्ठ नेताओं ने तुरंत कार्रवाई की दिशा में कदम बढ़ाया है। मंगलवार को, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष दीपक गौतम जाखलौन के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता महरौनी तहसील पहुंचे। उन्होंने महरौनी तहसील कार्यालय में SDM महोदय को ज्ञापन सौंपा और कोतवाली महरौनी को लिखित रूप से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जमीन की सही पैमाईश कराई जाए ताकि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सके। ज्ञापन में कहा गया है कि जमीन पर कब्जे का यह मामला शासन-प्रशासन की नजर में है और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी सरकार की है। इस मौके पर भीम आर्मी के मंडल उपाध्यक्ष राहुल अहिरवार, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास गौतम, युवा मोर्चा के जिला महासचिव इंद्रपाल सूर्यवंशी, तहसील अध्यक्ष सोनू चौधरी, तहसील उपाध्यक्ष मुन्ना लाल, तहसील महासचिव आशीष बिनेका, ब्लॉक अध्यक्ष अमोल, जिला उपाध्यक्ष गब्बर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक पं. महादेव प्रसाद मिश्रा के निधन पर परशुराम सेना ने जताया शोक

**महरौनी।** परशुराम सेना महरौनी के तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षक पं. महादेव प्रसाद मिश्रा के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जगदीश पुरोहित ने की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में वक्ताओं ने पं. महादेव प्रसाद मिश्रा के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उनके व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में उन्होंने लंबे समय तक अपनी सेवाएं देकर विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने का कार्य किया। सभा में विशेष रूप से उनके पुत्र पं. विनोद मिश्रा एवं पं. लक्ष्मी मिश्रा के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। उपस्थित लोगों ने परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान श्रीकृष्ण नायक, महेश तिवारी, दिनेश विदुआ, रामकुमार दुबे, पिंकू रावत, भोले रावत, रामकुमार मिश्रा, लल्लू राजौरिया, गोलू रिछारिया सहित परशुराम सेना के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर को

**ललितपुर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त दिशा-निर्देशों एवं यादवेन्द्र सिंह, प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के तत्वाधान में 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु देवप्रिय सारस्वत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर की अध्यक्षता में न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में रविशंकर गुप्ता सिविल जज सी0डि0, श्रीमती अदिति जैन सिविल जज सी 0डी0एफ0टी0सी0ललितपुर, सु श्री स्वेता यादव, सिविल जज जू0डि0 ललितपुर, श्रीमती राखी भदौरिया, सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0 ललितपुर, बहादुर सिंह,विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर, उपस्थित रहे एवं नवीन कुमार पांडे, ग्राम न्यायालय तालबेहट ललितपुर, वी सी के जरिए जुड़े। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में निर्णीत वादों पर चर्चा की गयी एवं 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के संबंध में विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि वह अपने-अपने स्तर से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु प्रयास करें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें।

## चपरासी, चौकीदार एवं रसोईया के पदों पर साक्षात्कार 03 सितम्बर को

**ललितपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार ने अवगत कराया है कि राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ०प्र० लखनऊ के पत्र एवं मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी ललितपुर के आदेश के अनुक्रम में जनपद में संचालित उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में सृजित चपरासी, चौकीदार एवं रसोईया के पदों पर आवेदित कुल 69 अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 03 सितम्बर 2026 को प्रातः 11.00 बजे से स्थान कार्यालय विकास भवन, ललितपुर में कराया जाना है। अर्ह अभ्यर्थियों की सूची का जनपद ललितपुर की NIC बेवसाइट https://lalitpur.nic.in पद पर अवलोकन कर सकते है। गत. रयत साक्षात्कार में प्रतिभाग करने वाले किसी भी अभ्यर्थी को मार्ग व्यय एवं अन्य भत्ते देय नहीं होगा। किसी भी दशा में प्रतिस्थानी मान्य नहीं होगा।

## ललितपुर में कल होगा पीडीए व्यापारी मंडलीय सम्मेलन

ललितपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 3 सितंबर 2026 को ललितपुर में पीडीए व्यापारी मंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में झांसी, ललितपुर और जालौन जनपदों के व्यापारी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव शत्रुघन सिंह यादव ने बताया कि सम्मेलन गोविंद नगर डैम स्थित सिंचाई विभाग के विश्वेश्वरैया हॉल, ललितपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य व्यापारी वर्ग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के साथ संगठन को मंडल स्तर पर मजबूत करना है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# चोरी के मुकदमे में वांछित युवक गिरफ्तार, टैबलेट बरामद

स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट

कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का लावा कंपनी का एक टैबलेट बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार, थाना तालबेहट में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 12/26 की धारा 331(4), 305(ए) व 317(2) बीएनएस में ग्राम तेरई मजरा टपरियन निवासी अंकित यादव (21) पुत्र रोशन यादव वांछित चल रहा था। पुलिस टीम ने बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी का एक लावा कंपनी का टैबलेट बरामद हुआ|। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक शिवजीत सिंह, हेड कांस्टेबल उमाशंकर तिवारी, कांस्टेबल दीपक कुमार और कांस्टेबल सोनू विश्वकर्मा शामिल रहे।

# अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे कराकर 48 घंटे में मुआवजा देने की मांग

स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट

अतिवृष्टि से तहसील क्षेत्र में हुए नुकसान को लेकर विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) रमा निरंजन ने उपजिलाधिकारी तालबेहट को पत्र भेजकर प्रभावित गांवों में तत्काल सर्वे कराने और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

एमएलसी ने एक सितंबर को भेजे पत्र में कहा कि तालबेहट तहसील क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण काफी नुकसान हुआ है। तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने उन्हें कई मकान गिरने तथा जनमानस को हुए नुकसान की जानकारी दी है। उन्होंने लेखपालों को भेजकर सभी गांवों का सर्वे कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शासन की मंशा के अनुरूप 48 घंटे के भीतर प्रभावित लोगों को धनराशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पूर्व में क्षतिग्रस्त गांवों में दिए गए मुआवजे की सूची भी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। एमएलसी ने तालबेहट तहसील का कोई भी गांव सर्वे से नहीं छूटने देने पर जोर दिया है। इसके अलावा अतिवृष्टि से किसानों की खरीफ फसल उड़द, मूंग और मूंगफली को हुए नुकसान का भी सर्वे कराने तथा शत-प्रतिशत मुआवजा दिलाने का प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने की मांग की है, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके।

# हाईवे और पूरा कला मार्ग पर दो सड़क हादसे, चार घायल

**दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल, हाईवे हादसे में एक युवक गंभीर**

स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट

कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। दोनों घटनाओं में मोटरसाइकिलों की टक्कर हुई। घायलों को स्थानीय लोगों और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया।

**पूराकलां मार्ग पर तीन घायल**

पहला हादसा बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे पूरा कला मार्ग पर सुनौरी गांव के पास हुआ। यहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कंधारी खुर्द निवासी अनेक (30) पुत्र रामदयाल, विकास (26) पुत्र रमेश और चौबारा निवासी दीपेंद्र (32) पुत्र मुन्ना राजा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, अनेक और विकास एक ही मोटरसाइकिल से तालबेहट से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में विकास के एक पैर में फ्रैक्चर हुआ है। चिकित्सक डॉ. सूरज के अनुसार अनेक और विकास को झांसी मेडिकल कॉलेज, जबकि दीपेंद्र को जिला मेडिकल कॉलेज ललितपुर रेफर किया गया है।

**हाईवे-44 पर युवक घायल**

दूसरा हादसा शाम करीब चार बजे कोतवाली तालबेहट क्षेत्र में तरगुआ के पास हाईवे-44 पर हुआ। यहां दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में हीरापुर निवासी अभिषेक (26) पुत्र मुकेश घायल हो गया। हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार अभिषेक तेज गति से बाइक चला रहा था। उसके कथित तौर पर नशे में होने की भी बात सामने आई है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी तालबेहट लाया गया, जहां डॉ. सूरज ने प्राथमिक उपचार किया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## वर्धमान ट्रस्ट का 15वां छात्रवृत्ति वितरण समारोह 6 सितंबर को

ललितपुर। वर्धमान एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के तत्वावधान में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से 15वां छात्रवृत्ति वितरण समारोह एवं ट्रस्ट के नए संरक्षक सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ट्रस्ट की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह 6 सितंबर को दोपहर 1 बजे श्रीदिगम्बर जैन अटा मंदिरजी में आयोजित होगा। समारोह में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही ट्रस्ट के नए संरक्षक सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज, आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज का मंगल आशीर्वाद प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिवंगत यशी के परिवारजनों से मिले सविता समाज एकता मंच के पदाधिकारी

कानपुर। सविता सेन-नंदवंशी समाज एकता मंच द्वारा महाराजपुर पुरवामीर गांव पहुंचकर रक्षाबंधन के दिन जमीन धंसने की वजह से हुए हृदय विदारक हादसे में दिवंगत 18 वर्षीय यशी के परिजनों से भेंट कर उनका ढांढस बंधाया। भवन निर्माण के लिए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग किया एवं बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा से बात कराके शासन से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। समाजसेवियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। इसमें प्रमुख रूप से संगठन के समाजसेवी शिवपूजन सविता,डॉ उमेश शर्मा,पवन शर्मा,बसंत सविता,जितेंद्र सविता,वीरेंद्र सविता,अंकुर सविता,कृष्णकांत सविता,शिवम इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### हाईवे किनारे खड़े 194 वाहनों पर बड़ी कार्यवाही

कानपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। पहले तो हाई-वे किनारे खड़े इन वाहनों को चेतावनी दी गई और फिर इनके खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों काही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया । इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 194 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई।

### ट्राला से टकरा कर रोडवेज बस पलटी, छह सवारियां घायल; आगरा से फिरोजाबाद आ रही थी गाड़ी

फिरोजाबाद। नेशनल हाईवे पर बुधवार दोपहर ढाई बजे हजरतपुर के पास ट्राला से टकराने के बाद आगरा फोर्ट डिपो की रोडवेज बस पलट गई। हादसे में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आगरा फोर्ट डिपो की अनुबंधित बस बुधवार को यात्री लेकर आगरा से फिरोजाबाद जा रही थी। दोपहर ढाई बजे हजरतपुर के पास नेशनल हाईवे पर मुड़ रहे ट्राला ने बस में टक्कर मार दी। इससे रोडवेज बस हाईवे पर पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों की चीख पुकार सुनकर राहगीर व आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। टूंडला पुलिस को सूचना देने के साथ ही बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला शुरू किया। इस बीच थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को सरकारी ट्रामा सेंटर भेजा। इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया कि घायलों को सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# कौशल किशोर का 'गेंद' वाला ट्वीट, बीजेपी में बढ़ी हलचल अपनी ही पार्टी से नाराज ,क्या सपा का थामेंगे दामन?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ/मलिहाबाद। उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के बीच तल्खी और राजनीतिक हलचल बढ़ती नजर आ रही है। इसी बीच पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता कौशल किशोर की अपनी ही पार्टी से नाराजगी खुलकर सामने आई है। कौशल किशोर ने कथित तौर पर पार्टी के भीतर राजनीतिक भेदभाव होने की बात कही है। उनके बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट के बाद राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

### 'पार्टी के लोगों ने ही 2024 का चुनाव हराया '

कौशल किशोर ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हराने का काम बाहर के लोगों ने नहीं, बल्कि पार्टी के ही कुछ लोगों ने किया। उनके इस बयान को बीजेपी के भीतर चल रही नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। पूर्व मंत्री के इस बयान के बाद स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश की राजनीति तक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

### 'मेरे साथ राजनीतिक भेदभाव हो रहा है '

कौशल किशोर ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ राजनीतिक भेदभाव किया जा रहा है। उनके इस बयान से साफ संकेत मिल रहे हैं कि वह पार्टी के अंदर की स्थिति से संतुष्ट नहीं हैं। हालांकि, उनकी नाराजगी को लेकर बीजेपी की ओर से अभी क्या प्रतिक्रिया आती है, यह देखने वाली बात होगी।

### कौशल किशोर का ट्वीट भी चर्चा में

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का एक ट्वीट भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने लिखा- 'गेंद जितनी ऊपर जाना था जा चुका है, अब नीचे आ रहा है और गेंद की स्पीड भी तेज हो गई है।' कौशल किशोर के इस पोस्ट को लेकर राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके समर्थक और राजनीतिक जानकार इसे मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों से जोड़कर देख रहे हैं।

### क्या सपा में जाने की तैयारी?

कौशल किशोर की बीजेपी से नाराजगी के बीच अब उनके समाजवादी पार्टी में शामिल होने को लेकर भी कयास लगाए जाने लगे हैं। हालांकि, अभी तक कौशल किशोर की ओर से सपा में शामिल होने को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा सामने नहीं आई है। ऐसे में फिलहाल इसे राजनीतिक अटकलों के तौर पर ही देखा जा रहा है।

### नाती अमन ब्रावो की पोस्ट ने बढ़ाई चर्चा

इन अटकलों को उस समय और हवा मिली जब कुछ दिनों पहले कौशल किशोर के नाती अमन ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट में समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर एक साथ नजर आ रहे थे। पोस्ट सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी दोनों नेताओं के बीच नजदीकियों को लेकर चर्चा शुरू हो गई।

### 2027 से पहले बढ़ी राजनीतिक हलचल

उत्तर प्रदेश में 2027 का विधानसभा चुनाव अब राजनीतिक दलों के लिए धीरे-धीरे अहम होता जा रहा है। ऐसे समय में बीजेपी के वरिष्ठ नेता कौशल किशोर की अपनी ही पार्टी को लेकर नाराजगी और सपा नेताओं के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने से राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब सवाल यह है कि कौशल किशोर की नाराजगी महज पार्टी के भीतर अपनी बात रखने तक सीमित रहेगी या फिर आने वाले दिनों में कोई बड़ा राजनीतिक फैसला देखने को मिलेगा। फिलहाल कौशल किशोर के बयानों और सोशल मीडिया गतिविधियों ने 2027 के चुनाव से पहले लखनऊ की सियासत में नई चर्चाओं को जरूर जन्म दे दिया है।

# जलभराव से नगेपुरा गांव के हालात खराब, एसडीएम से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- बीते कई दिनों से कोंच तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र के तमाम गांवों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है जिससे आवागमन में ग्रामीणों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम नगेपुरा में भी जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। बारिश का पानी गांव की गलियों में जमा हो गया है और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। बुधवार को नगेपुरा गांव के तमाम ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अभिनव कुमार को अपना शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में काली देवी मंदिर से खेड़ा चौकी के पास जाने वाली गली में बारिश का पानी भर गया है। पानी की निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था न होने से ग्रामीणों को जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बारिश के पानी की निकासी के लिए पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया है जिससे बरसात के हर सीजन में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लंबे समय तक पानी जमा रहने से सड़क के दोनों ओर बनी कंकरियों की कटान भी हो रही है इससे सड़क के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जल निकासी के लिए पुलिया स्वीकृत कर उसका निर्माण कराने की मांग के साथ ही सड़क के दोनों ओर हो रही कटान को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसडीएम ने ग्रामीणों को समस्या के समाधान के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिलाया है। इस दौरान सुमित परिहार, सुनील, राजू, चंद्रपाल, अंकित, हिमांशु, सोनू, राजेंद्र, गणेश परिहार, लला, राघवेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य ने नदीगांव सीएचसी का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक झांसी मंडल, झांसी डॉ जयप्रकाश ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं परखी। संयुक्त निदेशक एवं मंडलीय शहरी स्वास्थ्य सलाहकार फिरोज आलम के औचक निरीक्षण से सीएचसी नदीगांव स्टॉफ में खलबली मच गई। सीएचसी केंद्र अधीक्षक विनोद कुमार ने बारी बारी से केंद्र के सभी पटलों का संयुक्त निदेशक को निरीक्षण कराया, जिसमें साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। संयुक्त निदेशक ने बीपीएमयू यूनिट कक्ष में पहुंचकर सेजेएसवाई भुगतान के संदर्भ में जानकारी ली जिसमें बताया कि 97 प्रतिशत भुगतान अभी तक हो गया है। आयुष्मान मित्र द्वारा बताया गया की वर्तमान में 1800 के लगभग आयुष्मान संशोधन प्रार्थना पत्र भेजे जा चुके हैं और आशाओं का माह जुलाई तक का समस्त भुगतान हो चुका है। प्रसव रजिस्टर में कोई भी कमी नहीं पाई गई, जिसमें 18 की फीडिंग दर्ज थी और संबंधित को समय अनुसार भोजन मिलना पाया गया। टीकाकरण कक्ष में टीकाकरण के संदर्भ में संयुक्त निदेशक ने स्टाफ नर्स को जरूरी दिशा निर्देश दिए। टीवी लैब में लैब टेक्नीशियन ने बताया कि समय अनुसार सभी मरीजों को दवा वितरण के साथ ही उनका फॉलोअप लगातार किया जा रहा है। महिला वार्ड में रोशनी कम पाई गई। प्रयोगशाला में विधिवत जांच होती पाई गई और मौके पर 42 जांच पूर्ण हो चुकी थी। संयुक्त निदेशक के समक्ष एनसीडी काउंसलर ने अपना बीपी जांच कराकर यंत्र की जांच की जिसमें यंत्र सही काम करता हुआ पाया गया। संयुक्त निदेशक ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं सुविधाओं का बेहतर लाभ मरीजों को दिया जाए। निरीक्षण के दौरान डॉ मोहिनी, डॉ अनुज पटेल, नीलेश, फार्मासिस्ट रामसिंह, दिलीप सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, ट्रेन की चपेट में आने से मौत

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक पर करीब 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया युवक की मौत किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से होना बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब सात बजे मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन से थाने पर सूचना मिली कि किमी संख्या 1054/23 से 1054/25 के बीच गेट संख्या 199ए स्थित पुरसैनी रेलवे क्रॉसिंग से करीब 50 मीटर की दूरी पर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान सचिन कश्यप (25) पुत्र राम खिलावन निवासी गोपालखेड़ा, थाना मोहनलालगंज के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि सचिन जेप्टो कंपनी में डिलीवरी का काम करता था।

# क्लीन कानपुर, ग्रीन कानपुर स्लोगन से अधिक ज़रूरी है कि सड़कों से कूड़ा उठाए नगर निगम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। यशोदा नगर (सिमरा गांव )बाईपास रोड के किनारे फुटपाथ पर फैला बदबूदार कूड़ा राहगीरों के लिए बना मुसीबत बना हुआ है, लोगों ने बताया कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। आप को बता दे कानपुर यशोदा नगर बाईपास से जब राहगीर रामादेवी के लिए चलते है तो बीच में शंकराचार्य नगर एवं सिमरा गांव बाईपास रोड के किनारे पड़ता है, यहां बाईपास के किनारे फुटपाथ में फैला बदबूदार कूड़ा राहगीरों के लिए मुसीबत बन चुका है,साथ ही कानपुर स्मार्ट सिटी, ग्रीन कानपुर, क्लीन कानपुर की पोल खोल रहा है। इधर से गुजरने वाले राहगीरों का सांस लेना तक मुश्किल हो गया है, कूड़े में मरे जानवर तक पड़े रहते हैं, मरे जानवरों से निकलने वाले कीटाणु हवा में फैल कर, किसी इंसान की बीमारी का कारण बन सकते है,लेकिन नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी इतने लापरवाह हो चुके है कि इस कूड़े को नहीं उठाया जा रहा है। वहीं आप को बता दे कि विशेष सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि जिन कूड़ा गाड़ियों को निस्तारण केंद्र पर जाकर गाड़ी खाली करनी होती है वह डीजल बचाने,एवं अपने आलसी रवैये के चलते चोरी छिपे यहीं पर कूड़ा फेंक देते हैं और ज्यादा इकट्ठा होने पर जला भी देते हैं। वहीं यहां पर यह भी देखा गया है कि कुछ अन्य लोगों के द्वारा भी अपने घरों का कूड़ा यहीं पर फेंक दिया जाता है। कानपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के नाम पर लिखाई-पुताई और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, लाखों ,करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे है लेकिन सफाई कहीं पर भी नहीं की जा रही है,इस जगह पर जहाँ इतनी गंदगी है, यहां पर भी लिखाई पुताई की गई है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम कानपुर के समस्त जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि शहर को स्वच्छ बनाना है तो सिर्फ दीवारें रंगने और स्लोगन लिखने से काम नहीं चलेगा बल्कि ,ष्ट रूम छोड़कर बाहर निकलिये कुछ काम करिए और अपनी जिम्मेदारी तय करिए,एवं जो लोग रोड पर कूड़ा डाले उनके ऊपर भी सख्ती करिए,आस पास कैमरे लगवाये, लेकिन शहर को साफ करिए।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कर्मी की मां की कानपुर में हत्या समेत लाखों की लूट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। यहां कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता के बाद भीअपराधी वारदातों को अनजान देने में लगातार सफल हो रहे है। इसी क्रम में उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में तैनात एक कर्मचारी की मां की हत्या करने के साथ ही लाखों का माल भी लूट ले गए। अब पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। यह घटना रावतपुर थाना क्षेत्र के केशवपुरम में हुई। पुलिस की छानबीन के दौरान यह खुलासा हुआ है कि बदमाशों को घर की पूरी जानकारी थी। लुटेरों ने चाबी से अलमारी खोली और सिर्फ बड़े बेटे अमरीश की अलमारी को निशाना बनाया, जबकि छोटे बेटे की अलमारी को छुआ तक नहीं। लॉकर को किसी नुकीली चीज से तोड़ा गया था। लूट के आरोपियों को घर की पूरी जानकारी थी। उन्हें पता था कि गहने और नकदी कहां रखी हुई है। यहां तक की उन्हें बड़े बेटे की अलमारी की चाबी की जानकारी भी थी। घटना के बाद उमा के पति शिवमंगल जैसे ही घर पहुंचे। उन्हें बड़े बेटे अमरीश की ही अलमारी टूटी हुई मिली, जबकि छोटे बेटे आशीष की अलमारी को लुटेरों ने छुआ भी नहीं था। शिवमंगल के मुताबिक अलमारी में बड़े बेटे की पत्नी नेहा और उमा के जेवर थे। अलमारी की चाबी घर में एक सुरक्षित स्थान पर रखी जाती है। अलमारी चाबी से खोली गई है, लेकिन जेवर वाले लॉकर को किसी नुकीली चीज से तोड़ा है। अमरीश पिछले नौ साल से पत्नी नेहा के साथ मसवानपुर स्थित दूसरे मकान में रह रहा है। उसी में नीचे बनी मार्केट की एक दुकान में पिता पुत्र कुक स्टॉल चला रहे हैं। अमरीश का तीन माह पहले अपनी पत्नी नेहा से महीने के खर्च को लेकर विवाद हुआ था।

इसके बाद नेहा दोनों बच्चों को लेकर गोविंदनगर स्थित मायके चली गई। बताया गया कि जब वारदात हुई, तो अमरीश ने फोन कर नेहा को भी बुला लिया। नेहा का एक बेटा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में कर्मचारियों के रूप में नियुक्त बताया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना की गहन छानबीन करने के साथ ही लुटेरों का पता लगाया जा रहा है।

# विभिन्न मांगों को लेकर पालिकाध्यक्ष ने डीआरएम रेलवे को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- कोंच-एट शटल ट्रेन को पुनः कोंच से उरई के रास्ते सरसोकी स्टेशन तक चलाने सहित रेल विभाग से जुड़ी अन्य प्रमुख मांगों को लेकर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने झांसी पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह को ज्ञापन दिया। गत रोज मंगलवार को नगर पालिका कोंच के कुछ सभासदों, भाजपा नेताओं, समाजसेवियों और वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन को मंडल रेल प्रबंधक को देकर पालिकाध्यक्ष ने जनहित में मांग की है कि शटल ट्रेन के कम से कम दो फेरे सुबह एवं रात के समय कोंच से उरई के रास्ते सरसोकी तक चलाए जाएं, ताकि एट में रुकने वाली ट्रेनों का यथावत मिलान हो सके और यात्रियों को कानपुर एवं झाँसी जाने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। इसके साथ ही कोंच में मियागंज/रामगंज के करीब 50 फीट चौड़े सार्वजनिक मार्ग को रेलवे के प्रस्तावित बाउंड्रीवॉल के सहारे बंद न किए जाने की भी मांग पालिकाध्यक्ष ने की। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक को बताया कि यह रास्ता करीब 60 वर्षों से आमजन के आवागमन में उपयोग हो रहा है, रास्ता बंद होने से मोहल्लेवासियों और व्यापारियों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ेगी क्योंकि कोई वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध नहीं है। वहीं मंडल रेल प्रबंधक ने उक्त मांगों को लेकर यथोचित कार्यवाही अमल में लाए जाने का भरोसा पालिकाध्यक्ष को दिलाया है।

### छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत की राधा कृष्ण की झांकियां

बरेली/रिठौरा। नगर के पीएन दीवान पब्लिक स्कूल में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में छात्र -छात्राओं ने राधा -कृष्ण की भेष-भूषा में विभिन्न मनोहारी झांकी, एवं नृत्य पेश कर सभी को धार्मिक आस्था से सराबोर कर दिया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महत्व को विस्तार से समझाया।इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र कुमार सक्सेना, खूबकरन लाल, दीपिका बनर्जी,सुलभ अग्रवाल, अनिल राय,ममता शंखधार, सोनम कश्यप, शीतल साहू, संजना सक्सेना, शिवानी कश्यप, राधा कश्यप, विमला शर्मा, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# बेदाग सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए सहायक सचिव सुरेंद्र नाथ मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली। माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को भावुक माहौल के बीच सहायक सचिव सुरेंद्र नाथ मिश्रा को विदाई दी गई। वह 35 वर्षों की बेदाग और निष्कलंक सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए हैं। वर्ष 1991 में शासकीय सेवा में आए सुरेंद्र नाथ मिश्रा क्षेत्रीय कार्यालय बरेली से पूर्व राजकीय इंटर कॉलेज शाहजहांपुर में प्रधानाचार्य के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने पूरे सेवाकाल में उन्होंने अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की अनूठी मिसाल पेश की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यालय सभागार में विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओपी राय, नईम अहमद, संजय गुप्ता, रजनीश कुमार, हरिवंश किशोर मिश्रा तथा उनकी पत्नी उषा मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। संबोधन में वक्ताओं ने सुरेंद्र नाथ मिश्रा की कार्यशैली और बेदाग छवि की मुक्तकंठ से सराहना की। साथी कर्मचारियों और अधिकारियों ने उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनके सुखद, स्वास्थ्यप्रद व दीर्घायु जीवन की कामनाएं कीं। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे की गूंज के बीच उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

# जलभराव से बेहाल भैरमपुर की गली, घरों से निकलना दुश्वार

## .........बारिश के बाद सड़क पर कई दिनों तक जमा रहता है पानी, सांप-बिच्छुओं का खतरा; ग्रामीणों ने पक्की सड़क और जल निकासी की लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज विकासखंड के निगोहां क्षेत्र की ग्राम सभा मीरख नगर के मजरे भैरमपुर में एक मोहल्ले की गली लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। बारिश होते ही रास्ते पर पानी भर जाने से ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। कीचड़ और फिसलन के बीच ग्रामीणों को रोजमर्रा के काम के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में बेहतर सड़क और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन भैरमपुर की यह गली आज भी बदहाली का शिकार है। ग्रामीणों के मुताबिक रास्ता सीसी मार्ग से पश्चिम की ओर लोहा सिंह के दरवाजे से

होते हुए रामकरन वर्मा, राजबहादुर वर्मा और श्रीचंद वर्मा के दरवाजे से गुजरता है। आगे यह श्रवण कुमार विश्वकर्मा के घर के पास फिर सीसी मार्ग से जुड़ता है। काफी समय पहले तत्कालीन ग्राम प्रधान ने इस रास्ते पर खड़ंजा लगवाया था, लेकिन रखरखाव के अभाव में रास्ता धीरे-धीरे खराब होता चला गया।

### पाइपलाइन की खुदाई से भी बिगड़ी सड़क की हालत

ग्रामीणों के अनुसार गांव में जलापूर्ति के लिए जल निगम की ओर से इसी रास्ते में पाइपलाइन डालने का काम कराया गया था। पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के दौरान रास्ते की कई ईंटें उखड़ गई थीं। बाद में कर्मचारियों ने काफी हद तक ईंटों को दोबारा लगवा दिया, लेकिन जल निकासी की मूल समस्या दूर नहीं हो सकी। बारिश का पानी निकलने का रास्ता नहीं होने के कारण कई दिनों तक गली में जमा रहता है।

### बच्चों और बुजुर्गों के लिए बढ़ा खतरा

जलभराव के कारण गली में कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी जमा होने के कारण सांप और बिच्छू भी रेंगते हुए घरों तक पहुंच जाते हैं। इससे खासकर छोटे बच्चों को घर से बाहर भेजने में डर बना रहता है। रात के समय अंधेरे में पानी से भरे रास्ते से निकलना और भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक वर्तमान ग्राम प्रधान की ओर से समस्या को देखते हुए कुछ स्थानों पर नाली निर्माण और मिट्टी डलवाने का काम कराया गया था, लेकिन स्थायी जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से समस्या बनी हुई है। ग्राम प्रधान ने बताया कि कार्यकाल का समय अब कम रह गया है और चुनाव भी नजदीक हैं। उन्होंने कहा कि यदि दोबारा मौका मिला तो इस रास्ते का निर्माण कराकर जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान प्राथमिकता से कराया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने और गली में पक्के मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आवागमन में राहत मिलेगी और बारिश में जलभराव की समस्या से भी निजात मिल सकेगी।

# 75 लाख की संपत्ति बिक्री की जानकारी के बाद लूट की साजिश का पुलिस का दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** रोहिणी के सेक्टर-3 में घर में लूटपाट के दौरान करीब 60 वर्षीय राकेश खन्ना की मौत के मामले में दिल्ली पुलिस ने मृतक की भांजी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, वारदात की साजिश मृतक की भांजी सिमरन तनेजा ने अपने परिचितों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने मामले में करीब 72,400 रुपये नकद और दो सोने की अंगूठियां बरामद करने की बात कही है। एक अन्य आरोपी हिमांशु अभी फरार है। पुलिस का दावा है कि राकेश खन्ना ने हाल में अपनी एक संपत्ति करीब 75 लाख रुपये में बेची थी। इसी के बारे में जानकारी मिलने के बाद सिमरन ने कथित तौर पर अपने परिचित हिमांशु के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार, वारदात से पहले आरोपियों ने 30 अगस्त को घर की रेकी की थी और उस दिन भी वारदात की कोशिश की गई थी, लेकिन वे सफल नहीं हुए। पुलिस के मुताबिक, एक सितंबर की शाम सिमरन ने कथित तौर पर मृतक की पत्नी और अपनी मां को पश्चिम विहार स्थित एक मेले में भेज दिया। इसके बाद वह अपने मामा के घर वापस आई। पुलिस का आरोप है कि सिमरन ने ही दरवाजा खुलवाया, जिसके बाद हेलमेट, टोपी और मास्क पहने उसके साथी घर में दाखिल हुए। प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपियों ने राकेश खन्ना को काबू किया और उनका मुंह दबाया। इसके बाद वह बेहोश हो गए। उन्हें परिजन जयपुर गोल्डन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण और पूरे घटनाक्रम की पुष्टि के लिए पुलिस आगे की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना एक सितंबर की रात करीब 8:14 बजे मिली थी। सूचना घर में चोरी और एक व्यक्ति के बेहोश होने के संबंध में थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस, एफएसएल और क्राइम टीम ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने सिमरन तनेजा (23), चिराग (22) और पारस (19) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सिमरन बुराड़ी की रहने वाली है और प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका है। चिराग बाबा कॉलोनी, बुराड़ी में जिम ट्रेनर है, जबकि पारस 12वीं कक्षा का छात्र है। पुलिस का कहना है कि पारस पहले भी मुखर्जी नगर थाने में दर्ज एक मामले में शामिल रहा है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की निशानदेही पर करीब 72,400 रुपये नकद और दो सोने की अंगूठियां बरामद की गई हैं। पुलिस अब फरार आरोपी हिमांशु की तलाश कर रही है। दक्षिण रोहिणी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 309(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है और आरोपियों की भूमिका, बरामदगी तथा राकेश खन्ना की मौत की परिस्थितियों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# खन्ना में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, केमिस्ट गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खन्ना, लुधियाना–** पंजाब सरकार की 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत पुलिस जिला खन्ना में एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के नेतृत्व में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई की गई है। गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब के नजदीक मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाइयां बेचने के आरोप में खन्ना पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 460 प्रतिबंधित प्रेगाबालिन 300 एमजी कैप्सूल बरामद किए। कार्रवाई के बाद मेडिकल स्टोर को भी सील कर दिया गया। द्वपुलिस ने स्पष्ट किया है कि मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली या प्रतिबंधित दवाइयां बेचने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। खन्ना पुलिस द्वारा अन्य विभागों के साथ तालमेल कर ऐसे स्टोरों और नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, ड्रग इंस्पेक्टर संदीप कौशिक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खन्ना पुलिस के सहयोग से ग्रेवाल मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। जांच के दौरान प्रेगाबालिन 300 एमजी के कुल 460 कैप्सूल बरामद हुए। इन दवाइयों की बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड मांगे जाने पर केमिस्ट कोई संतोषजनक रिकॉर्ड पेश नहीं कर सका। पुलिस ने मौके पर केमिस्ट रछपाल सिंह निवासी गांव कोट पानेच, वर्तमान निवासी गुरु हरिकृष्ण नगर, खन्ना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से 460 कैप्सूल के अलावा 16,500 रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की गई। इसके बाद मेडिकल स्टोर को तुरंत सील कर दिया गया और अगले आदेश तक स्टोर बंद रहेगा। ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. संदीप कौशिक ने बताया कि रछपाल सिंह का पिछला आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। उनके अनुसार, 12 अगस्त 2023 को उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था, जिसमें नशीली दवाइयां बरामद हुई थीं। इस मामले में वह करीब चार महीने लुधियाना जेल में रहा और 8 दिसंबर 2023 को रिहा हुआ था। अब दोबारा नशीली दवाइयां बेचने संबंधी शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। डॉ. संदीप कौशिक ने कहा कि आरोपी के मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द करने के लिए भी विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी मेडिकल स्टोर संचालक नियमों का उल्लंघन कर प्रतिबंधित दवाइयों को नशे के तौर पर बेच रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने कहा कि नशे के खिलाफ खन्ना पुलिस की जंग लगातार जारी रहेगी। नशा बेचने वाले किसी भी तरीके से अपना अवैध कारोबार चलाने की कोशिश करें, लेकिन वे कानून की गिरफ्त से नहीं बच सकते। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस मौके पर स्पेशल ब्रांच के इंचार्ज जरनैल सिंह, सदर थाना एसएचओ पवित्र सिंह और महिला सब-इंस्पेक्टर जसप्रीत कौर सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चंडीगढ़ में बिक्री के लिए लाई गई 90 पेटी शराब बरामद

**बरनाला।** नशे और अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरनाला पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने प्रेम नगर में छापेमारी कर चंडीगढ़ में बिक्री के लिए लाई गई 90 पेटी शराब बरामद की है। डिप्टी कमिश्नर (आबकारी), फिरोजपुर के दिशा-निर्देश और सहायक कमिश्नर (आबकारी), संगरूर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। आबकारी निरीक्षक दविंदर सिंह और राजेश कुमार के नेतृत्व में आबकारी पुलिस टीम ने जिला पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान रवि कुमार उर्फ गब्बर पुत्र कमल कुमार और सोनिया रानी पत्नी रवि कुमार मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके से एक क्रूज कार, दो मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा भी बरामद की। मामले में थाना सिटी-2 बरनाला में प्राथमिकी संख्या 347, दिनांक 31 अगस्त 2026 को दर्ज की गई है। पुलिस ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नंदलाला की किलकारियों से खिलखिलाएगा पूरा शहर, दिल्ली में जन्मोत्सव की तैयारियां तेज

**नई दिल्ली।** नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...मन हर्षित है। जन्माष्टमी में महज एक दिन रह गए हैं। शुक्रवार मध्य रात्रि कान्हा की किलकारियों से घर-मंदिर, कॉलोनियां गूंजेंगी तो गोविंदाओं की टोली मटकी फोड़े नंदगोपाल के नटखट की प्रस्तुति देगी। इस बीच, शोभायात्रा के माध्यम से आध्यात्मिकता व धार्मिक संदेश अभी से बांटे जाने लगे हैं। हर ओर कान्हा जन्मोत्सव की तैयारियां जोरो पर हैं। मंदिरों में विशेष सजावट व आयोजन के साथ घरों में लड्डू गोपाल के स्वागत की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिसका खास असर बाजारों पर दिखाई दे रहा है। सदर बाजार व चांदनी चौक के किनारी बाजार में कृष्ण भक्ति के साथ खरीदारी का उत्साह है। कहीं रंग- बिरंगी पोशाकें सजी हैं तो कहीं मोती- मोर पंख से दमकते मुकुट और झूले ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे हैं।

# मेयर इंद्रजीत कौर ने जागरूकता-सह-सफाई अभियान का किया नेतृत्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना–** 'मिशन क्लीन पंजाब' के दूसरे चरण के तहत आगे बढ़ते हुए मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर ने मंगलवार को वार्ड नंबर 13 के विभिन्न इलाकों में जागरूकता-सह-सफाई अभियान का नेतृत्व किया। जागरूकता-सह-सफाई अभियान के दौरान मेयर इंद्रजीत कौर सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए स्थानीय निवासियों से बातचीत की। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त अमनप्रीत सिंह, निगरान इंजीनियर प्रवीण सिंगला सहित नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा के अन्य अधिकारियों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। मेयर इंद्रजीत कौर ने कहा कि पूरे शहर में सफाई सुनिश्चित करने का लक्ष्य निवासियों के सहयोग के बिना हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रशासन और नगर निगम सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पहल कर रहे हैं और निवासियों को भी अधिकारियों के साथ मिलकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने निवासियों से कचरा प्रबंधन के लिए रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल (आरआरआर) तकनीकों को अपनाने की अपील की। इसके अलावा लोगों से खुले क्षेत्रों और खाली प्लॉटों में कचरा फेंकना बंद करने की अपील की गई। कचरा कूड़ा संग्रह करने वाले कर्मचारियों को सौंपा जाना चाहिए या नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थिर कॉम्पेक्टर स्थानों पर ही डाला जाना चाहिए। मेयर इंद्रजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में काम करते हुए वे टिकाऊ विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए हर पहलू को कवर किया जा रहा है। मेयर इंद्रजीत कौर ने आगे कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति की जांच करने के लिए औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई सुनिश्चित करने हेतु फील्ड स्टाफ को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

# स्कूली बच्चों को 'प्लास्टिक चैंपियन' बनाने की पहल, पीपीसीबी ने शुरू किया 'पंजाब प्लास्टिक चैंपियंस कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटियाला।** प्लास्टिक कचरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्रोत स्तर पर इसके पृथक्करण एवं संग्रह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ एमिनेंस, फीलखाना, पटियाला में 'पंजाब प्लास्टिक चैंपियंस कार्यक्रम' की शुरुआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पीपीसीबी की चेयरपर्सन रीना गुप्ता ने कहा कि यह पहल केवल प्रतियोगिता या दो सप्ताह के संग्रह अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसका उद्देश्य स्कूलों के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और व्यवहार में स्थायी बदलाव लाना है। उन्होंने विद्यार्थियों और स्कूलों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि पटियाला के बच्चे इस अभियान को सफल बनाते हैं तो यह अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण बन सकता है। कार्यक्रम के तहत स्कूल आधारित बहुस्तरीय प्लास्टिक (एमएलपी) कचरा संग्रह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें चिप्स व स्नैक पैकेट, बिस्कुट एवं कन्फेक्शनरी रैपर, नूडल्स पैकेट, सैशे तथा अन्य लचीली प्लास्टिक पैकेजिंग को एकत्र किया जाएगा। ऐसी प्लास्टिक की पुनर्चक्रण क्षमता सीमित होने के कारण इसके प्रबंधन की चुनौती अधिक रहती है। सामान्य कचरे के साथ मिलने पर यह अंततः लैंडफिल में पहुंचकर कचरे का बोझ बढ़ाती है। पीपीसीबी का उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही कचरा पृथक्करण और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन की आदत विकसित करना है। विद्यार्थियों को घरों से निकलने वाले एमएलपी कचरे को एकत्र कर साफ एवं सूखा रखने और स्कूलों में निर्धारित संग्रह बॉक्स में जमा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बोर्ड एकत्रित सामग्री को उचित प्रसंस्करण एवं पुनर्प्राप्ति के लिए भेजने की व्यवस्था करेगा। यह कार्यक्रम पंजाब प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सोसाइटी और स्थानीय गैर-सरकारी संस्था 'मेरा पटियाला मैं ही सवारां' के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में 20 से अधिक स्कूलों के प्रतिनिधियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), ईको-क्लब समन्वयकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिला शिक्षा विभाग, पटियाला की ओर से भी कार्यक्रम को सहयोग दिया गया। डिप्टी डीईओ डॉ. रविंदर पाल सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। जिन स्कूलों में फिलहाल एनएसएस या ईको-क्लब नहीं हैं, उन्हें भी विद्यार्थी नेतृत्व वाले पर्यावरण समूह गठित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के पहले चरण का समापन दो सप्ताह की स्कूल स्तरीय संग्रह प्रतियोगिता के साथ होगा। इसके बाद एकत्रित प्लास्टिक की मात्रा का आकलन किया जाएगा। दूसरे चरण में इसे पटियाला के अन्य स्कूलों तक विस्तार दिया जाएगा। पीपीसीबी का तत्काल लक्ष्य करीब 50 स्कूलों को अभियान से जोड़ना है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को 10 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाली पीपीसीबी की राज्य स्तरीय प्लास्टिक कचरा प्रबंधन सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा। पटियाला में संचालित इस पहल को पंजाब के अन्य हिस्सों में लागू किए जा सकने वाले मॉडल के रूप में भी प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र की 'सफाई बैंक' पहल से जुड़े इसके शुरुआती नेतृत्वकर्ता ऋषि अग्रवाल और युवा पर्यावरणविद् एवं सामग्री निर्माता दमनजोत कौर भी शामिल हुए। दोनों ने विद्यार्थियों से संवाद कर प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और पुनर्चक्रण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के व्यावहारिक अनुभव साझा किए। पीपीसीबी ने पंजाब के अन्य स्कूलों से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की है। बोर्ड का संदेश है कि 'प्लास्टिक चैंपियंस' अभियान की शुरुआत पटियाला से हो चुकी है और अब अन्य स्कूलों की भागीदारी का स्वागत है।

# कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने गुरु तेग बहादुर नगर में चलाया सफाई अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना–** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत पूरे राज्य में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने गुरु तेग बहादुर नगर, लुधियाना में सफाई अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को साफ-सुथरा बनाने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने नगर निगम लुधियाना के अधिकारियों, आम आदमी पार्टी के वालंटियरों और सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में मौजूद छोटे कूड़ा डंपों की सफाई कर गंदगी हटाई गई। हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर पंजाब बनाने के लिए मान सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत लुधियाना शहर के छोटे-छोटे कूड़ा डंपों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर बनाना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी समान जिम्मेदारी है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकें तथा सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि लोग अपना घरेलू कूड़ा केवल नगर निगम के घर-घर कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों को ही दें। कैबिनेट मंत्री मुंडियां ने विशेष रूप से रेहड़ी-फड़ी वालों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखें और कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से ही लुधियाना को स्वच्छ, सुंदर और साफ-सुथरा शहर बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# भारतीय जीवन बीमा निगम के 70वें स्थापना दिवस पर वृक्ष पौधारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी।** पेड़ रहने से प्रकृति का संतुलन बरकरार रहेगा। विशुद्ध वायु के साथ देसी खान-पान जीव को सुस्त रखने में मदद करता है ओर सुस्त बातावरण में दिए गए शिक्षा से मानव संपद निर्माण में सहायक होता हैं। इस उद्देश्य को आगे रखते हुए 1956 में प्रतिष्ठित भारतीय जीवन बीमा निगम के 70वीं प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर समग्र भारतवर्ष के साथ धेमाजी शाखा के तहत सिलापथार सैटेलाइट शाखा की तरफ से बृहत्तर इलाके की विभिन्न अनुष्ठान, प्रतिष्ठानों के अलावा मंदिरों में आम,आमला, आदि फॉलो की पौधा रोपण कार्यक्रम लिया गया। सिलापथार मझौलिया विद्यालय परिसर में उल्लेखित वृक्ष पौधा रोपण कार्यक्रम में संस्था के बीमा सहयोगी अधिकारी (licia) सोनाराम शौकिया ने भारतीय जीवन बीमा निगम के तरफ़ से प्रदान किए जा रही सुविधाओं के लाभ उठाने के लिए लोगों को किया आह्वान करते हुए कहा जरूरतमंद विधालय में यातायात के लिए बस एवं वैन की सुविधा, बीमा विद्यालय के सुविधा के अलावा हालही में 27 अगस्त को संस्था के जोरहाट डिवीजन की तरफ से असम मेडिकल कॉलेज डिब्रूगढ़ में स्त्री एवं प्रसूति विभाग में बेहतर इलाज 4.67करोड़ का लागत से आधुनिक मिशनरियां मुहैया किया गया है जो सर्वसाधारण जरूरतमंद लोगों को इसका भरपूर लाभ उठाने के लिए आग्रह किया। आज इस कार्यक्रम में सिलापथार उपग्रह शाखा के प्रबंधक अरूप बोर्गोहाइन सहित भारी संख्या में एजेंट और मझौलिया विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### दिल्ली में कारोबार करना होगा आसान, सिंगल विंडो सिस्टम से मिलेंगी सभी अनुमतियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कारोबार करने में होने वाली परेशानी दूर होगी। इससे जुड़ी विभिन्न स्वीकृति, पंजीकरण, लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) सहित अन्य औपचारिकताओं के लिए अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से एक ही आनलाइन पोर्टल पर सभी सेवा निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध होगी। पंजीकरण के बाद सामान्य परिस्थितियों में तीन वर्षों तक किसी प्रकार का नियमित निरीक्षण नहीं किया जाएगा। केवल गंभीर प्रकृति की शिकायत मिलने पर ही निरीक्षण किया जा सकेगा। इससे उद्योगों को अनावश्यक निरीक्षणों से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 'दिल्ली ईज आफ डूइंग बिजनेस बिल, 2026' को स्वीकृति दी गई। अब इसे स्वीकृति के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

# सार्वजनिक दुर्गापूजा महोत्सव में नाम-संकीर्तन एवं मृदंग नृत्य प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** आगामी शारदीय दुर्गोत्सव के अवसर पर भक्ति, संस्कृति एवं परंपरा के समन्वय से पातियाला सार्वजनिक दुर्गापूजा महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के तहत पातियाला के समीप स्थित बटतला दुर्गा मंडप में श्रीकृष्ण नाम-संकीर्तन एवं मृदंग नृत्य प्रतियोगिता का विशेष आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, मृदंग की ताल, श्रीकृष्ण नाम-संकीर्तन की भक्तिमय धुन और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण होगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए तीन आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं 15 वर्ष से कम, 25 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से कम। प्रत्येक आयु वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 10 हजार रुपये और 5 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 अक्टूबर 2026 को बटतला दुर्गा मंडप में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को 10 अक्टूबर 2026 तक पंजीकरण कराना होगा। आयोजन समिति ने प्रतिभाशाली कलाकारों, नृत्य-कलाकारों एवं संस्कृति प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। पातियाला क्रिमेटोरियम डेवलपमेंट कमेटी के संयुक्त आयोजन में होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर आयोजकों ने आशा व्यक्त की है कि श्रद्धालुओं एवं संस्कृति प्रेमियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से दुर्गापूजा महोत्सव और भी भव्य एवं यादगार बनेगा।

# संजय झील में डूबने से तीन युवकों की मौत, स्कूल के समय से थी गहरी दोस्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूर्वी दिल्ली।** दोस्ती सिर्फ एक शब्द नहीं है। यह वह एहसास है जिसको लोग जीते हैं। मंगलवार देर शाम को संजय झील में एक युवक नहाने के दौरान डूब गया, तैरना नहीं आता था। फिर भी उसके दोनों दोस्त जान की परवाह किए बिना झील में कूद गए। तीनों दोस्तों की जान चल गई। तीनों की दोस्ती ऐसी कि जान चली गई, लेकिन आखिरी वक्त भी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। तीनों के शवों का पोस्टमार्टम एकसाथ हुआ। लेकिन अंतिम संस्कार अलग-अलग हुआ। परिवार के साथ ही उनके पड़ोसियों की आंखे नम थी। पांडव नगर थाना पुलिस ने एलबीएस अस्पताल में बुधवार को आशीष नोटियाल, इनके दोस्त सौरव रावत व साहिल का पोस्टमार्टम करवाकर शव स्वजन को सौंपा। सौरव का अंतिम संस्कार गाजीपुर में हुआ, जबकि साहिला को कोटला के कब्रिस्तान में दफनाया गया। कल्याणपुरी में दो लोगों के साथ एकसाथ पहुंचे तो आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। तीनों युवक स्कूल से दोस्त थे। तीनों अक्सर संजय झील में घूमने के लिए जाते थे। वह दीवाली व ईद समेत अन्य त्योहार मिलकर मनाते थे। एक दूसरे के घर पर खाना खाते थे। बता दें मंगलवार देर शाम को आशीष संजय झील में नहाने गए थे, वह पानी में डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए उनके दोनों दोस्त गए। तीनों की डूबकर मौत हो गई।

### पढ़ाई के साथ ही रैपिडो चलाकर घर चला रहा था सौरव रावत

सौरव रावत अपने परिवार के साथ कल्याणपुरी में रहते थे। जब वह पांच वर्ष के थे, उसी दौरान पिता की मौत हो गई थी। परिवार में मां, बड़ा भाई व एक बहन है। सौरव पत्राचार से बीए कर रहे थे। इसके साथ ही वह रैपिडो चलाते थे। मृतक के भाई हेमंत ने कहा कि सौरव का संस्कार उसके दोनों दोस्त थे। वह बचपन से उनके साथ था। वह हर खुशी व गम दोनों के साथ ही साझा करता था। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के एक सदस्य की नहीं तीन लोगों की मौत हुई है। सौरव के दोनों दोस्त भी उनके परिवार के अहम हिस्सा थे।

### एंबुलेंस से हरिद्वार गया आशीष नोटियाल का शव

आशीष नोटियाल मूलरूप से उत्तरकाशी स्थित जोगथ गांव के रहने वाले थे। परिवार में पिता लक्ष्मी प्रसाद, मां व दो भाई हैं। आशीष का छोटा भाई मानसिक रूप से कमजोर है। आशीष इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में नौकरी करते थे। लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि वह आशीष के शव को हरिद्वार लेकर गए हैं। वहां पर अंतिम संस्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि आशीष के कंधों पर घर की जिम्मेदारी थी। परिवार उसकी शादी की तैयारी कर रहा था। शादी के लिए लड़की तलाश की जा रही थी। उन्होंने कहा नहीं पता कि हादसा कैसे हुआ है। आशीष की मां बार-बार बेहोश हो रही थी, उन्हें यकीन नहीं आ रहा कि बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा।

# उपकार फाउंडेशन द्वारा भव्य स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** उपकार फाउंडेशन लगातार छात्रों,विधवाओं, विकलांगों एवं समाज के कमजोर वर्ग को आर्थिक मदद करती आई है।इसी श्रृंखला में ब्रह्म कुमारी राज योगा सेंटर मालवीय नगर में उपकार फाउंडेशन की ओर से 40 प्रतिभावान विद्यार्थियों को 2000 स्कॉलरशिप,पाठ्य सामग्री,प्रदान किए गए।डॉ. पूरन सिंह डबास पूर्व अध्यक्ष आर्य समाज साकेत की ओर से बच्चों को सुंदर डायरी भी प्रदान की गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फाउंडेशन के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ डी.आर. कार्तिकेन,पूर्व विधायक नरेश यादव के अलावा विशेष अतिथि स्क्वाड लीडर अशोक आहूजा, सलाहकार प्रमोद पाठक,डॉ मधु चौधरी,डॉ बनमाला बासु, डी. धूपिया, राका प्रसाद, कविता बांका, सविता सिक्का, दिवंशी ढींगरा, प्रेरणा मोहन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वहीं, बीके नीरू दीदी, इंजी वाई एल बांका,ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।बीके नीरू दीदी ने योगाभ्यास एवं नशा मुक्ति अभियान पर सारगर्भित विचार रखें।इस अवसर पर चर्चा का मुख्य विषय हैप्पीनेस था।इस विषय पर सबसे तार्किक विचार रखने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किये गए।फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ बांका ने ब्रह्म कुमारी एवं समस्त उपस्थित गणमान्य जनों एवं कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उपकार फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ रेखा बांका समय-समय पर होनहार विद्यार्थियों एवं जरूरतमंदों को आर्थिक मदद एवं अन्य ज़रूरी सामग्री प्रदान करती रही है।